www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–230 । सागर, सोमवार, 9 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

भाजपा प्रत्याशी के विरोध में एक बार फिर सियासी उबाल पृष्ठ 3

▪ इज़राइल के समर्थन के बहाने देश में नफरत को बढ़वा!
▪ मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज पर सियासत का अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों? पृष्ठ 4

▪ रेल मंत्री से की भोपाल-खजुराहो के बीच नई ट्रेन शुरू कराने की मांग पृष्ठ 6

सरकारी अस्पताल से डॉक्टर नदारद, बिना उपचार वापस लौट रहे मरीज पृष्ठ 7

## इजराइल-हमास संघर्ष में 6 सौ से अधिक लोग मारे गए

- हमलों में 2 हजार से अधिक लोग हुए घायल
- इजराइल ने कहा, 8 जगहों पर लड़ाई जारी

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच लड़ाई में 600 से अधिक लोग मारे गए हैं। बीबीसी ने फिलिस्तीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 313 लोग मारे गए हैं और 2,000 घायल हुए हैं।

इज़राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से तुर्की में इजराइल के दूतावास ने कहा, इजराइल में भी 300 नागरिक मारे गए हैं और दर्जनों इजराइलियों को बंधक बना लिया गया है। अब तक के सबसे बड़े हमले में हमास ने गाजा पट्टी से यहूदी राज्य की ओर मिसाइलों की बौछारें कर दी। हमास ने मिसाइल हमलों की आड़ में इजराइल की सीमा में घुसपैठ की। इजरायली सेना ने कहा, वे पैराग्लाइडर का उपयोग कर जमीन, समुद्र और हवा से इजरायल में दाखिल हुए। इजरायली अधिकारियों ने कहा, इजराइल अभी भी युद्ध में है और हमास से इज़रायली क्षेत्र और समुदायों पर पूर्ण नियंत्रण लेने के प्रयास पूरा कर रहा है। इजराइल ने कहा कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास आतंकवादियों के साथ आठ जगहों पर लड़ाई चल रही है।



### हमास का दावा, वेस्ट बैंक व लेबनान तक फैलेगा युद्ध

इजराइली सेना के लगातार जवाब के बाद चरमपंथी समूह हमास का एक और चौंकाने वाला बयान सामने आया है। हमास ने घोषणा की है कि युद्ध तेज होगा और वेस्ट बैंक और लेबनान तक फैल जाएगा। हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज लागातार अटैक कर रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इजराइली सेना के वॉर रूम में मौजूद हैं।

### एयर इंडिया ने उड़ानें 14 तक निलंबित की

नई दिल्ली। शनिवार को शुरू हुए हमास के हमले के जवाब में एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक दिल्ली-तेल अवीव उड़ानें निलंबित कर दी हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 14 अक्टूबर, 2023 तक निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, एयर इंडिया इस अवधि के दौरान किसी भी उड़ान में बुकिंग की पुष्टि करने वाले यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस बीच, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि जो भारतीय इजराइल में हैं, वे किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

### छात्रों को वापस लाने का प्रयास कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी सशस्त्र गुट हमास के हमले के मद्देनजर इजरायल में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें शनिवार रात इज़राइल में भारतीयों के बारे में कई संदेश मिले। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है।

लद्दाख पहाड़ी स्वायत्त विकास परिषद के चुनाव

## कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का दबदबा





**लद्दाख, एजेंसी।** लद्दाख पहाड़ी स्वायत्त विकास परिषद कारगिल के चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का दबदबा है। कांग्रेस ने यहां 8 सीटें जीत ली हैं। वहीं फारूक अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने 11 सीटें हासिल की हैं। भाजपा को मात्र 2 सीटें मिली हैं।

कहा जा रहा है कि कांग्रेस को राहुल के दौरे का मिल रहा फायदा मिला है। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को राहुल गांधी ने लद्दाख का दौरा किया था जिसके बाद सियासत गर्मा गई। लद्दाख में राहुल गांधी ने दूरदराज क्षेत्रों तक आम लोगों के बीच भी पहुंचे थे। बाजारों में भी घूमे और शापिंग भी की थी।

जीते भाजपा उम्मीदवार की आई प्रतिक्रिया पांचवें लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनाव में चा निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाले भाजपा उम्मीदवार स्टैनजिन लाकपा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया इस बार एक लंबी प्रक्रिया थी और इसलिए हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। लेकिन मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने मुझे वोट दिया और मैं जीत गया। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## सार-समाचार

### विधायक सचिन बिरला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल, देशबन्धु।** खरगोन जिले के बड़वाह विधानसभा क्षेत्र से विधायक सचिन बिड़ला ने आज विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। श्री बिड़ला ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष रविवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता प्रदान की। भाजपा नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व प्रदेश कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन और प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 40 वर्षीय श्री बिड़ला वर्ष 2018 में पहली बार कांग्रेस की टिकट चुनाव लड़े थे और जीतकर विधायक बने। इसके बाद उन्होंने तकरीबन 2 साल पहले ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन तब उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण नहीं की थी, क्योंकि उनकी सदस्यता जा सकती थी। अब माना जा रहा है कि वह भाजपा का टिकट मिल सकता है।

**मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने दिलाई सदस्यता**

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 3 की मौत

**बड़वानी, एजेंसी।** मप्र के बड़वानी जिले के ठीकरी थाना क्षेत्र में आज मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान और दो नाबालिग मजदूरों की मृत्यु हो गई और तीन नाबालिग समेत पांच अन्य घायल हो गए। खेत में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली कुंआं-कपालिया खेड़ी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान अमित पाटीदार व दो मजदूर अनिल तथा सजन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में ममता, बायली, रविता, कविता और खेल सिंह घायल हुए हैं। समस्त मजदूर जिले के निवाली थाना क्षेत्र के निवासी थे।

### बिहार में 24 घंटे में डूबने से 22 लोगों की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान नदी, तालाब, पोखर सहित अन्य जलाशयों में डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से सबसे अधिक भोजपुर जिले में पांच लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है। डूबने से लोगों की हुई मौत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

### पटाखा दुकान में लगी आग, 13 की मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक पटाखे की दुकान-सह-गोदाम में आग लगने से कम से कम 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अनेकल तालुका के अट्टीबेले में स्थित दुकान में आग लगने से पहले ही चौदह लोग चमत्कारिक ढंग से भाग निकले। दमकल गाड़ियों के साथ आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और मृतक के परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### 14 हजार लीटर शराब जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के उत्पाद शुल्क विभाग ने पांच दिनों के दौरान 14 हजार लीटर से अधिक अवैध डिस्टिल्ड (आईडी) शराब जब्त की है। आगामी विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 5 अक्टूबर को हैदराबाद में एक समीक्षा बैठक आयोजित करने के बाद, उत्पाद शुल्क विभाग ने 14,227 लीटर आईडी शराब, 1,710 किलोग्राम गुड़, 94.8 लीटर शराब, 170 किलोग्राम गांजा और 21 वाहन जब्त किए। उत्पाद शुल्क अधिकारियों ने 6 अक्टूबर को निज़ामाबाद में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और 157.39 किलोग्राम गांजा, एक बोलेरो वाहन और एक दोपहिया वाहन जब्त किया। चुनाव आयोग की टीम ने पिछले सप्ताह अपनी यात्रा के दौरान सभी राज्य और केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों को धन की शक्ति और शराब, नकदी, मुफ्त वस्तुओं और नशीली दवाओं के प्रवाह के खिलाफ बहुत सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

सीहोर जिले के जहाजपुरा में 10 करोड़ के विकास कार्यों की शुरूआत, फिर भावुक हुए शिवराज, बोले-

## जनता से मिले प्यार का कर्ज मरते दम तक चुकाता रहूंगा



### जमुनाबाई का किया सम्मान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्थानीय निवासी श्रीमती जमुना बाई को शाल, श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान जब पहली बार विधायक के चुनाव के लिए जनसम्पर्क कर रहे थे, तब श्रीमती जमुना बाई ने उन्हें चुनाव लड़ने में अपने योगदान और सहयोग के रूप में 2 रूपए भेंट करते हुए, सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया था।

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक बार फिर भावुक हो गए। उन्होंने सीहोर जिले के जहाजपुरा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मुझे जनता ने एक परिवार के सदस्य की तरह प्यार किया। मरते दम तक मैं इसका कर्ज चुकाता रहूंगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता का मेरा अद्भुत रिश्ता है। कल रात मैं मय्यर से जबलपुर तक सड़क मार्ग से गया तो हर जगह आधी रात को भी जनता सड़क पर खड़ी थीं और हर जगह भैया-मामा कहकर पुकार रही थीं। जनता का प्यार देखकर मेरा जीवन धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि जहाजपुरा वालों तुमने पुकारा और मैं चला आया। श्री चौहान ने यह भी कहा कि मैं चैन की नींद लेने मुख्यमंत्री नहीं बना था, मैंने कभी भी 24 घंटे में 4 घंटे से ज्यादा नींद नहीं ली, जनता की जिंदगी बदलना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

श्री चौहान ने कहा कि मैंने सरकार नहीं परिवार चलाया है, भैया और मामा बनकर ही मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। मेरा प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता है। बहनों की जिंदगी बदलना, बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर इंतजाम, युवाओं को रोजगार के लिए कौशल सिखाने और बीमारी में इलाज की व्यवस्था एवं हरसंभव सहायता, वरिष्ठजनों की तीर्थ-यात्रा का इंतजाम, किसानों को जीरो प्रतिशत पर ब्याज दिलाना, उनके लिए समय पर खाद की व्यवस्था और हर गरीब के रहने के लिए जमीन के पट्टे की व्यवस्था करना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। श्री चौहान ने 10 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों को सशक्त करने के लिए ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएँ संचालित की गईं। लाड़ली बहना योजना भी बहनों का मान-सम्मान और आत्म-विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। बहनों को धन के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाने पड़ें ,वे आत्म-निर्भर हों, इस उद्देश्य से ही प्रतिमाह 1000 रूपए उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। जिसे बढ़ाकर 1250 रूपए किया गया है, क्रमबद्ध रूप से राशि बढ़ाते हुए बहनों को प्रतिमाह 3000 रूपए दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब और किसान के बच्चों को प्राइवेट स्कूल जैसी शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें राशि के साथ साइकिल, लेपटॉप, स्कूटी आदि देने की व्यवस्था भी की गई है। विद्यार्थियों द्वारा मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लेने पर उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरवाई जाएगी। हर गरीब का अपना घर हो यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भू-आवासीय योजना में पट्टे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम को सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया।

## अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2 हजार हुई

**हेरात, एजेंसी।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में बीते दिन आए भूकंप की वजह से कम से कम 2000 लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है। ये आंकड़ा तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने दिया है. देश के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रायन ने कहा कि हेरात में भूकंप से मरने वालों की संख्या मूल रूप से बताई गई संख्या से ज्यादा है।

उन्होंने तत्काल मदद की अपील करते हुए कहा कि करीब छह गांव तबाह हो गए हैं और सैकड़ों नागरिक मलबे में दब गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के दफ्तर से एक अपडेट में कहा गया है कि 465 घरों के तबाह होने की सूचना है और 135 क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के दफ्तर ने कहा, भागीदारों और स्थानीय अधिकारियों का अनुमान है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि ध्वस्त इमारतों के नीचे कुछ लोगों के फंसे होने की खबरों के बीच खोज और बचाव प्रयास जारी हैं। शनिवार को हेरात प्रांत में भूकंप के चार झटके महसूस किए गए। तालिबानी सरकार में वित्त मामलों के उप-प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर ने घायल और मरने वालों को लेकर शोक जाहिर किया है। तालिबान ने हेरात के भूकंप प्रभावी इलाकों में स्थानीय संगठनों को जल्द से जल्द पहुंचने की गुजारिश की है।

**6 गांव तबाह हो गए, तालिबान ने मांगी मदद**

रक्षा मंत्रालय व राज्य सरकार ने दी जानकारी

## सिक्किम में बाढ़ से मारे गए 30 लोग

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम में बाढ़ से मारे गए 30 लोगों में 19 भारतीय सेना के जवान हैं। रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।

उत्तरी सिक्किम में लोनाक झील का किनारा टूट गया और तीस्ता नदी बेसिन जलमग्न हो गया, जिसके बाद बादल फटने से 04 अक्टूबर को अचानक बाढ़ आ गई, जिससे यह त्रादसी हुई। सिक्किम सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 30 मृतकों में 19 सैन्यकर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि चार अक्टूबर को तड़के आई आपदा के बाद से सेना के कम से कम 23 जवान लापता हैं। एक सैनिक को जीवित बचा लिया गया और उसी दिन उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैन्यकर्मी गंगटोक से 27 किलोमीटर दूर पूर्वी सिक्किम के पाक्योंग जिले के थे, जहां एक सैन्य शिविर है।

**मरने वालों में सेना के 19 जवान शामिल**

### 41 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित

बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने 41,870 लोगों को प्रभावित किया है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार देश के बाकी हिस्सों से कट चुके राज्य के कुछ इलाकों से 2,563 लोगों को बचाया गया है। लापता लोगों की तलाश जारी है। लापता लोगों में से पाकयोंग जिले के 78 लोग, गंगटोक के 23, मंगन के 15 और नामची के छह लोग लापता हैं।

## मणिपुर में युवक को जिंदा जलाने का वीडियो सामने आया

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में रविवार को एक युवक को जिंदा जलाने का वीडियो सामने आया है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फ्रंट (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता घिन्जा ने ये वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा कि वीडियो मई का है, लेकिन ये अभी सामने आया है। 7 सेकेंड के वीडियो में जिंदा युवक जलता हुआ दिखाई दे रहा है। आसपास कुछ आरोपियों के केवल पैर दिख रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड से गोलियों के चलने की आवाज भी आ रही है।

### मंत्री के घर के गेट के पास ग्रेनेड फटा

उधर, इंफाल पश्चिम के सिंगजामेई में शनिवार देर रात ग्रामीण विकास मंत्री वाई खेमचंद के घर के गेट के पास ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

## भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है।

यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 2016 से 2021 के बीच 44 देशों में करीब 4.31 करोड़ बच्चों को घर छोड़कर अपने ही देश में किसी दूसरी सुरक्षित जगह शरण लेनी पड़ी। जब विस्थापित बच्चों की तुलना किसी देश में बच्चों की कुल आबादी से की जाती है तो डोमिनिका और वानुअतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में बच्चे तूफानों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इस लिहाज से बाढ़ से सबसे ज्यादा विस्थापित हुए बच्चे सोमालिया और दक्षिण सूडान के हैं।

**प्रतिदिन 3059 बच्चों को सहना पड़ता विस्थापन का दंश**

### 95 फीसदी तबाही का कारण बाढ़ व तूफान

रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में बच्चों के बढ़ते विस्थापन में बाढ़ और तूफान की बड़ी भूमिका है। न छह वर्षों में जितने भी बच्चे विस्थापित हुए हैं उनमें से 95 फीसदी मामलों में बाढ़ और तूफान जैसी मौसमी आपदाएं ही जिम्मेदार थीं। 2016 से 2021 के बीच बाढ़ के कारण 1.97 करोड़ और तूफान के कारण 2.12 करोड़ बच्चों को विस्थापन की मार झेलनी पड़ी। 40 फीसदी से ज्यादा बच्चे अपने मां-बाप से बिछड़ गए।

## तमिलनाडु ने इज़रायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाई

**चेन्नई, एजेंसी।** हमास और इजराइल के बीच चल रही झड़पों के मद्देनजर तमिलनाडु सरकार ने इजराइली प्रतिष्ठानों और यहूदी बस्तियों में सुरक्षा बढ़ाई। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक शंकर जिवाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि डिंडीगुल के पास पहाड़ियों में एक यहूदी बस्ती और राज्य में अन्य इजरायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इजरायली पर्यटक हर साल सितम्बर से फरवरी के दौरान कोडाइकनाल के करीब एक बस्ती वट्टाकनाल का दौरा करते हैं और पुलिस इस क्षेत्र में अधिक सुरक्षा प्रदान करेगी। सूत्रों ने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इलाके में पहले से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्य में इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस हाल के दिनों में चेन्नई और राज्य के अन्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उतरे इजरायली नागरिकों की संख्या का पता लगाने और सुरक्षा इंतजाम के तहत उनके स्थानों को ट्रैक करने के लिए आव्रजन अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने यह भी कहा कि अन्य देशों में इजरायलियों पर संभावित हमले की रिपोर्ट के बाद इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आवाजाही को प्रतिबंधित करते हुए पहुंच नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं।

# सीएम राइज स्कूल, विधि कॉलेज एवं प्राथ. स्वास्थ्य केंद्रों का हुआ भूमि पूजन



**बीना, देशबन्धु।** रविवार को शासकीय मॉडल स्कूल हिरनछिपा बीना में सीएम राइज स्कूल भवन लागत 3882.00 लाख रूपए, विधि कॉलेज भवन लागत 759. 93 लाख रुपए, प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र भवन कंजिया लागत 306.08 लाख रूपए एवं प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र भवन बरोदिया लागत 306.08 लाख रूपये के भूमिपूजन विधायक महेश राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेश राय, विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा राय, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, बलराम बुंदेला, अनुज राजपूत, गोलू यादव, रामसिंह आदिवासी उपस्थित थे। भूमि पूजन के अवसर पर महेश राय ने कहा सीएम राइज स्कूल बनने में काफी परेशानियां आईं। जहां हम अच्छा सोचते हैं वहां कुछ हो नहीं पाता है। जहां सोचते हैं वहां हो जाता है। आज इस क्षेत्र को यह सौभाग्य मिला है कि हमें बीना के हॉगटी रोड पर जमीन मिल गई। वहां स्कूल बनाया जाएगा। वहां के किसानों ने भी बहुत बधाइयां दी और कहा हमारे क्षेत्र की जमीनों की कीमत बढ़ गई और क्षेत्र का विकास होगा। पहले बड़े परिवारों के बच्चे बड़े स्कूलों में पढ़ते थे अब गरीबों के बच्चे सीएम राइज स्कूल में पढ़कर आगे बढ़ेंगे। बीना स्कूल में लगभग 4000 बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे जिसमें आवास परिसर भी रहेगा। विधि कॉलेज के लिए पीपल खेड़ी में 11 एकड़ भूमि मिली है वहां भी काम बहुत जल्दी प्रारंभ हो जाएगा। वही दो ग्रामों में प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र खुल जाने से वहां के क्षेत्र वासियों को शहर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, उनकी बीमारियों का इलाज वहीं पर हो जाएगा। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल की प्राचार्य मंजू यादव, बीएमओ डॉ. अरविंद गौर, डॉ. महेंद्र पटेल, लोक निर्माण विभाग से जेएन तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक पंचम सिंह राय ने किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में जिन शिक्षकों की पदोन्नति हुई है उन शिक्षकों का सम्मान विधायक महेश राय ने पुष्प कुछ एवं माला पहनकर किया।

## सार-समाचार

### गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न



**देवरीकलां, देशबन्धु।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 व्यवस्थित संपन्न हुई। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विगत 25 वर्षों से संचालित की जा रही भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष भी आयोजित की गई। गायत्री शक्तिपीठ देवरी के अंतर्गत देवरी एवं केसली ब्लॉक में 74 स्कूलों के 66 परीक्षा केंद्रों पर 5136 छात्र-छात्राऐं परीक्षा में शामिल हुये। यह परीक्षा प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा महाविद्यालय पांच स्तरों पर आयोजित की गई। परीक्षा की तैयारी हेतु कक्षा वार पुस्तक, प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र तथा प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। सहयोगी शिक्षकों तथा प्रधानाचार्यों को श्रद्धा स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। सहयोग राशि कार्यालय में जमा होते ही विद्यार्थियों को पुस्तके तुरंत प्रदान की गई। इस परीक्षा को संपन्न कराने में कृष्ण शर्मा प्राचार्य केसली, मनोज जैन टडा, राघवेन्द्र मिश्रा, अरुण दुबे, बाबूलाल साहू, अर्चना सिंह दांगी, केसली धर्मेंद्र दुबे, संदीप राजोरिया आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में शाहगढ़ को मिला ए ग्रेड



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण करने में ए ग्रेड प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। शाहगढ़ नगर परिषद द्वारा शीर्ष स्थान हासिल करने में नगर परिषद के सीएमओ एमजी गोस्वामी का अहम योगदान है। अधिकांश नगर की सफाई को लेकर की गई थी। इसके अलावा नगर में रोशनी एवं नाले, नालों की सफाई पर भी नगर परिषद का विशेष ध्यान केंद्रित है। नगर परिषद के अंतर्गत आने वाली जनसमस्याओं को अपने स्तर पर रोजगार देने की वजह से लोगों को राहत महसूस हो रही है।

### नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में मदन सोलंकी के मुख्य अतिथ्य मे व आरसीसी चैयरमेन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, आशीष त्रिपाठी, अजय उपाध्याय, डॉ. केके शुक्ला, शत्रुध्न केसरवानी, गजेंद्र सिंह ठाकुर, आयुष्मान सैनी की उपस्थिति में किया गया। विश्व प्रशिक्षण में 18 बच्चों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 तक नि:शुल्क दिया जाता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्पी बड़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

### थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**गौरझामर, देशबन्धु।** मद निषेध के सप्ताह के संबंध मे गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नशे की लत के दुष्परिणमो के बारे बढ़ते नशे की चिंता का विषय है युवा नशे के शिकार होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं जागरूकता से ही समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है। यह बात थाना प्रभारी ब्रजमोहन कुशवाह ने नशा मुक्ति जागरूकता शिविर में स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कही, उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है नशा कोई भी हो वह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण हो रहे हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये, कहा कोई भी जैसे अपराध घटित होता हे तो पुलिस को खुलकर बताना चाहिए ओर पुलिस से डरने की जरूरत नही हैं, छात्र-छात्राओं से नशे को समाज से उखाडने के लिए आगे आने को कहा गौरझामर थाना अंतर्गत आने वाले शासकीय हाईस्कूल नाहरमऊ में नशामुक्ति मद निषेध शिविर के जरिए स्कूली बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया, इस दौरान नाहरमऊ स्कूल स्टॉफ सहित ग्राम के अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## सरोज सिंह ने किया 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण



**मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से नगर परिषद मालथौन द्वारा तीन वार्डों में बनाई गई पक्की सड़कों का लोकार्पण जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने किया, भगत सिंह वार्ड में 45 लाख की लागत से बनी सीसी रोड, शास्त्री वार्ड में 30 लाख की लागत से बनी सीसी रोड एवं महात्मागांधी वार्ड में 50 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि जहां सड़क की आवश्यकता थी वहां आज पक्की सड़कें बनकर तैयार हैं। मंत्री भूपेन्द्र सिंह निरंतर क्षेत्र का विकास कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना, लाड़ली बहना आवास, मुख्यमंत्री भू स्वामित्व, प्रधानमंत्री आवास सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।

## प्रदेश से पहुंचे सौ से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों का हुआ सम्मेलन

# चिकित्सक तन के और संत मन के रोगों को दूर करता है: मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मुनि श्री विरंजन सागर के सानिध्य में नगर के बड़ा जैन मंदिर में जैन चिकित्सक सम्मेलन और चिकित्सक सम्मान समारोह हुआ। मुनिश्री ने चिकित्सकों से आव्हान किया कि वे लोगों को शाकाहार के लिए प्रेरित करें। डॉक्टर और संत में क्या अंतर है तो मुनि श्री ने कहा कि हम दोनों का लक्ष्य एक है डॉक्टर तन की बीमारी दूर करता है तो संत मन की बीमारी दूर करता है एक नाडी पकड़कर रोग भगाता है दूसरा जिनवाणी से रोग भगाता है, आप रोग के बाद परहेज बताते हैं जिन धर्म रोग के पहले ही परहेज बताता है, मित्रों वर्तमान में आप एक मंदिर हैं जहां डॉक्टर भगवान विराजे है जो लोगों की जिंदगी बचाते हैं ऊपर वाला भगवान सिर्फ जिंदगी देता है पर डॉक्टर उसे जिंदगी की सुरक्षा देते हैं। आप सब सम्मान के पात्र हैं जैन धर्म कल्याण कार्य ग्रंथ है जिसमें आयुर्वेदिक को महत्व दिया, आपकी नाड़ी और संत की वाणी इस समाज का कल्याण कर सकती है, आप और हम मिल जाए तो आप तन साफ कर देना में मन साफ कर दूंगा और जब तन और मन साफ हो जाए तो यह जीवन साफ हो जाएगा। अगर कोई असहाय गरीब रोगी आए तो उनके प्रति करुणा व दया का भाव रखें। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण डॉ. मीना गुड़ा व दीप प्रज्वलन तथा चित्र अनावरण के साथ विभाग अध्यक्ष डॉ. राजेश जैन, डॉ. शीला जैन द्वारा किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के सौ से ज्यादा विभिन्न चिकित्सा के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे सभी चिकित्सको का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मेलन के संयोजक आयोजक शाहगढ़ चिकित्सक और केमिस्ट एसोसियन की टीम और चार्तुमास समिति द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. अशोक जैन ने किया। धर्मसभा के उपरांत सभी विशेषज्ञ चिकित्सको ने मौजूद लोगों के रोगों के निदान कैसे करें इस संबंध में चिकित्सा संबंधी जानकारियां दी।

## टूरिस्ट सर्विस कंपनी के कर्मचारियों ने एसडीएम से की शिकायत

**बीना, देशबन्धु।** रिफाइनरी में काम करने वाली खेरा टूरिस्ट सर्विस कंपनी ने एसडीएम से कर्मचारियों ने वेतन न देने और बिना किसी कारण के नौकरी से निकालने की शिकायत की है। शिकायत में कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी, बीपीसीएल के तय किए गए दैनिक वेतन 695 रुपए वाहन चालकों को नहीं देती है। चालकों से आधे रुपए वापस ले लिए जाते हैं और रुपए वापस न करने पर नौकरी से निकाल दिया जाता है। इसी तरह कंपनी ने बिना किसी नोटिस और कारण के कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। साथ ही अप्रैल और अगस्त माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। एक जनवरी से नौकरी करने तक की तारीख का पीएफ भी जमा नहीं किया गया है। वेतन न देने और नौकरी से निकालने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। शिकायत करने वालों में जितेन्द्र सिंह राजपूत, नरेन्द्र सिंह तोमर, नीरज सिंह राजपूत सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मंत्री प्रतिनिधि ने किया 1.25 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने खुरई नगर पालिका के आचार्य विनोवा भावे वार्ड में 25 लाख की लागत के आरसीसी नाला निर्माण का भूमिपूजन, 1 करोड़ की लागत के बीना रोड से लुहर्रा तक बीटी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। आचार्य विनोवा भावे वार्ड में 40 लाख रूपए की लागत से बीना बाईपास से डिवाईन सिटी तक बने सीसी रोड एवं 10 लाख की लागत से सीसी रोड का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जहां जहां जिन्होंने जो काम बताए हैं, मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने उन्हें पूर्ण किया। आगे जो काम बताएं जाएंगे वह भी पूर्ण किए जाएंगे। ऐसी कोई योजना नहीं है जिसमें खुरई विधानसभा क्षेत्र के लोगों को जिसका लाभ न मिला हो।

## आरोपी को 60 लीटर अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में की गई कार्यवाही। थाना बीना के सहायक उप निरीक्षक देवराज सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर सूचना सत्यापन कर ग्राम बेलई से आरोपी नरेंद्र पिता लक्ष्मण सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बेलई के कब्जे से अवैध कच्ची शराब कुल 60 लीटर कीमती करीब 6 हजार रुपए की लिए हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 651/23 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकर, देवराज सिंह, महेन्द्र, जाहर, दीप सिंह, सोमवीर, अमित, मलखान और सपना की भूमिका रही।

## पिठौरिया में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**बांदरी, देशबन्धु।** बांदरी से 5 किलोमीटर दूर पिठौरिया मे जैन समाज द्वारा श्रीजी की भव्य शोभा निकाली गई। जिसमें श्री जी को विमान में बैठाकर वार्ड भ्रमण किया। बाद में मंदिर पहुंचकर श्रीजी का सहस्त्र कलशों से अभिषेक किया गया। रविवार को जैन समाज द्वारा क्षमावाणी भी धूमधाम से मनाई गई। भगवान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पिठौरिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाद में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के पुरुष महिलाओं एवं बच्चों ने नगर भ्रमण कर भगवान के जयकारे लगाते हुए अहिंसा का संदेश दिया। यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर वार्ड में भ्रमण करते हुए पंचमेरू से होते हुए भगवान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पहुंची जहां पर इंद्र बने श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरकर श्रीजी का अभिषेक किया। बैंड बाजो की मनमोहक धुनों से समस्त वातावरण भक्तिमय बन गया। इस दौरान समाज ने भगवान का अभिषेक कर प्रभु का गुणगान किया। कर्रापुर से आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला से बच्चे भी शामिल हुए जिनके द्वारा भव्य नृत्य मंगलाचरण किया गया। इस मौके पर बांदरी, कर्रापुर, बंडा, खुरई, खिमलासा, सागर, बीना आदि शहरों से जैन समाज के लोग शामिल हुए।

## मां काली के आशीर्वाद से समूचे विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही: अशोक सिंह



**मालथौन, देशबन्धु।** किला परिसर में अद्वितीय स्वरूप मां महाकाली का विराजमान हैं। देवी मां का लोक बनाने के लिए मंत्री प्रतिनिधि अशोक सिंह बामोरा ने भूमि पूजन किया। बीते दिनों मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन में देवी लोक बानने के घोषणा की थी जिस के लिए एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत किए थे। उन्होंने एक करोड़ की लागत से देवी लोक का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा अशोक सिंह को चुनरी उड़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि ने कहा की मातारानी का आशीर्वाद हमेशा पूरी विधानसभा क्षेत्रवासियों पर बना रहेगा और ऐसी ही विकास के कार्य अनवरत होते रहेंगे मातारानी के आशीर्वाद से किला का विकास और समूचे क्षेत्र की तस्वीर बदल गई। कार्यक्रम में रामकुमार बघेल, नीलकमल सिंह राजपूत, मनोहर लाल सोनी, द्वारका प्रसाद सोनी, राजेन्द्र सिंह रामछयरी, रावराजा राजपूत सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

## धर्म सभा मानव को मानवीय धर्म से जोड़ेगी: शैलेन्द्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** आर्ष परिषद के तत्वाधान में धर्मसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जेपी पांडेय, मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन, विशिष्ट अतिथि टीआर त्रिपाठी थे। शैलेन्द्र जैन ने कहा कि धर्म मानव को मानवीयता से जोड़कर मानव जाति की सेवा करना कि प्रेरणा देती है। इस धर्म सभा में धर्म और मानव पर जो चर्चा हो रही है वह मानव मात्र के हित में होंगे। नयी पीढ़ी को दिशा देने का काम करेंगे और सामूहिक श्रद्धांजलि सभी प्राणियों को तृप्ति देंगी। टीआर त्रिपाठी ने कहा कि यह श्राद्ध पक्ष हमारे पूर्वजों को स्मरण करने का विशिष्ट अवसर रहता है। हमारी सनातन संस्कृति यह विशेषता है कि अनन्त कॉल के पूर्वजो को स्मरण कर श्राद्ध करते हैं। श्रद्धा से किया गया कार्य श्राद्ध है इससे हम अपने ही को पुष्ट करते हैं। जेपी पांडेय ने कहा कि परिषद के 11 वें वर्ष में यह सामूहिक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम हो रहा है। यह अनूठा कार्यक्रम है जिसमें अज्ञात लोगों को श्राद्ध किया जाता है। स्व. मदन चौरसिया को श्रद्धांजलि दी। शैलेन्द्र जैन ने मदन चौरसिया को श्रद्धांजलि समर्पित करके संस्मरण सुनाए। चौरसिया जी के व्यक्तित्व पर वृन्दावन राय सरल, महेश दुबे, रमेश कुमार सोनी, एनबी राजपूत, आरपी पाराशर, एसके तिवारी, पूरन सिंह राजपूत, आरपी चौधरी, पीआर मलैया, विजय तिवारी आदि लोगो ने उद्गार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन दीपक पौराणिक ने किया। आभार डॉ. ऋषभ भारद्वाज ने माना।

## क्षत्रिय नवचेतना मंच ने विद्यार्थियों का किया सम्मान


**सागर, देशबन्धु।** क्षत्रिय नवचेतना मंच ने विद्यार्थियों का सम्मान किया। जिसमें मुख्य अतिथि लीला बुआ, विशिष्ट अतिथि आरएस राजपूत सेवा निवृत्त एसडीओ रहे। रविवार को क्षत्रिय नव चेतना मंच के बैनर तले स्वजातीय विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 5, 8, 9, 10, 11 और 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं क्षत्रिय नव चेतना मंच की तरफ से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा ने की, मंच संचालन चतुर्भुज सिंह ठाकुर ने किया, गजेंद्र सिंह बन्नाद ने आभार प्रकट किया। जिसमें अमित सोलंकी, निरंजन सिंह, रणजीत सिंह, रामबाबू राजपूत, विनीता सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## हमारी खुरई हर क्षेत्र में नंबर वन है, नंबर वन ही रहेगी: भूपेंद्र सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में 6 करोड़ की लागत से एसडीआरएफ.3 योजना के तहत नाला निर्माण कार्य, खुरई खिमलासा मार्ग पर 3.09 करोड़ की लागत से 1.5 किमी की सीसी रोड निर्माण व गुरु नानक फेक्ट्री के पास 15 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में हमारी खुरई नंबर वन है और आगे भी नंबर वन ही रहेगी। सीसी रोड राहतगढ़ खुरई मार्ग को खिमलासा होते हुए स्वर्णिम चतुर्भुज फोरलेन से जोड़ देगा। यह मार्ग 47 किमी का है जिसे फोरलेन के रूप में विकसित किया जा रहा है। बीच में पड़ने वाले एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होकर 9 महीने में पूर्ण हो जाएगा। इस फोरलेन से व्यापारियों, यात्रियों, किसानों सभी को समय और पैसे की बचत और सुविधा होगी। मंत्री श्री सिंह ने लोकार्पित रोड के दोनों ओर की रिक्त भूमि पर सीसी करने और स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य भी स्वीकृत किया। समारोह में सरदार पटेल वार्ड में खेल ग्राऊंड, पार्क, श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण व रास्ता निर्माण, स्थानीय कालोनी में विद्युतीकरण व वार्ड के शिवजी मंदिर के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए। नवगठित बरोदिया नोनगर नगर परिषद की सौगात देने के लिए मंत्री भूपेंद्र सिंह का बरोदिया व खुरई के जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया।

## सत्संग करने से जीवन ने परिवर्तन आएगा: यशोदानंदन दास



**सागर, देशबन्धु।** गुरु की कृपा भगवान प्राप्ति का साधन है। गुरु अंधकार से प्रकास की ओर ले जाता है। कर्म ही सुख और दुख का कारण होते है। पं. यशोदानंदन दास द्वारा पुलिस लाईन स्थित श्रीराम मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के द्वितीय दिवस कहा कि भाव अच्छे है तो ईश्वर जल्दी प्रसन्न होते है। जन्म को सफल बनाना है तो श्रीमद् भागवत कथा का आश्रय लेना होगा। अच्छे कर्मों का फल है कि पितृ पक्ष के अवसर पर श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने मिल रही है। भक्ति में स्वार्थ नही होना चाहिए, मन को गोविंद की भक्ति में लगाना होगा। गुरू, संत, बड़े बूढ़े को प्रणाम करने से आयु, विद्या, बुद्धि और बल बढ़ता है। सत्संग करने से जीवन में परिवर्तन आएगा।

## नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं का हुआ सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** नारी सम्मान योजना के तहत बाघराज मंदिर में महिलाओं का हुआ सम्मान बाघराज मंदिर पर सागर शहर की महापौर प्रत्याशी रही निधि जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन के द्वारा नारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, महापौर प्रत्याशी रही निधि जैन ने सैकड़ों की तादाद आई बहनों के ऊपर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सुनील जैन ने कहा कि कमलनाथ की सरकार बनाने, सभी बहनों की समस्याओं को दूर करना हमारी जिम्मेदारी है ओर आप सभी को हर तरह की राहत दिलवाने का आपका यह भाई करेगा। कार्यक्रम की प्रभारी मीना पटेल, सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू, जिला संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष शरद राजा सेन, कामिनी पटेल आदि सहित समस्त वार्ड की मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम में निधि जैन ने समस्त बहनों से कहा कि आने वाले समय में आपकी हर समस्याओं की लड़ाई में लड़ूंगी आप के संघर्षों मैं हमेशा आगे रहूंगी। आपकी लड़ाई अब हमारी लड़ाई है भविष्य आप सभी को पक्का करवाने में अग्रणी रहूंगी। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहां अब आप सभी बहनों को कभी कष्ट नहीं होने देगा आपका भाई हमेशा आपके साथ है। संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई ने कहा कि आप लोगों की हर समस्याओं से मैं बाकिब हूं जितनी मेहनत आप लोग करती हो शायद ही कोई करता होगा, संचालन पवन पटेल और आभार विजय साहू ने माना।

# अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का नये बस स्टैंड पर अनावरण हुआ



**बीना, देशबन्धु।** नये बस स्टैंड पर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति का अनावरण किया गया। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पिछोर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रीतम सिंह लोधी, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक महेश राय और विशेष अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम खिलावन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पहले भगवान भोले शंकर, रानी अवंतीबाई लोधी, राजा हिरदे शाह लोधी की तस्वीर की पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर प्रीतम सिंह लोधी ने कहा समाज सेवा से बड़ी कोई भी सेवा नहीं है। आज में लोधी वंश में पैदा हुआ हूं यह मेरे लिए गौरव की बात है। लोधी वंश के लोग खुद के लिए नहीं दूसरों के लिए जीते है। रानी अवंती बाई ने देश के प्रति देश की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी। विधायक महेश राय ने कहा कि अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा की मांग लंबे समय से लोधी समाज कर रही थी। रानी अवंती बाई की मूर्ति के लिए नगर पालिका में बजट की कमी थी। जिले में जितने भी महापुरुषों की मूर्तियां लगाई गई हैं वह मंत्री भूपेंद्र सिंह के प्रयासों से लगाई गई है। महेश राय ने नए बस स्टैंड का नामकरण किया। अब यह रानी अवंती बाई लोधी बस स्टैंड के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद ने किया था। इस अवसर पर लोधी क्षत्रिय महासभा बीना और लोधी क्रांति सेना बीना के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ नगर पालिका की अध्यक्ष लता सकवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा राय, पूर्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीति नायक, लोधी समाज से गुड्डू आमोदा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह लोधी, कथा वाचक राधिका किशोरी, जगदीश सिंह लोधी, महेश खेरा आदि उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### रणजी ट्रॉफी लेकर लौटी बेटी हुआ का सम्मान



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश रणजी क्रिकेट ट्रॉफी में चयनित होने पर घुवारा नगर की बेटी क्रांति सिंह गोंड का राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा उनके घर पहुंच कर सम्मान किया गया एवं क्षत्रिय समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर की बेटी को सदैव उज्जवल भविष्य की कामना करने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

बड़ामलहरा क्षेत्र के नगर घुवारा के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस नगर से एक गरीब परिवार की बेटी ने जिले एवं मध्य प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है। क्षत्रिय समाज के कार्यकर्ताओं ने सदैव से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों का सम्मान किया है। क्षत्रिय महासभा ने कहा कि जिले एवं क्षेत्र के युवाओं एवं बच्चों से भी आगे यही आशा है कि सदैव अच्छे कार्य एवं मेहनत करें और इसी तरह मध्य प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। सम्मान करने पहुंचे लोगों में क्षत्रिय समाज के कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह बुंदेला भगवा, शिवाजी राजा कसेटा, सुजान सिंह परमार बीरो, युवराज सिंह बुलंद खरीला, लोकेंद्र सिंह बुंदेला सिजवाहा, जितेंद्र राजा सुकरयाल, भूपेंद्र सिंह खेरी, राजा परमार कसेटा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पार्क का हटाया खरपतवार



**छतरपुर, देशबन्धु।** संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस टीम के द्वारा न्यू कॉलोनी में अपने द्वारा तैयार किए गए संगम पार्क में पौधों की देखभाल की। सबसे पहले यहाँ पर उग आए खरपतवार की सफाई की गई उसके बाद पौधों की गुडाई करके उनमें पानी डाला गया। संगम सेवालय के सदस्य दीपू चतुर्वेदी ने बताया कि हमारी टीम ने पिछले साल न्यू कॉलोनी में इस जगह पर बने कचरा स्थल को साफ करके यहाँ जाली लगाकर एक संगम पार्क का निर्माण कर 55 पौधों का एक अर्बन फॉरेस्ट बनाया था। पौधों की लगातार देखरेख के कारण सभी पौधे विकसित होकर लगभग 6 फ़ीट के हो गए हैं। टीम का मुख्य उद्देश्य शहर को हरा भरा बनाना है। आज विपिन अवस्थी, प्रकाश जैन, अनंतराम चौबे, दिल्लाराम अहिरवार, धीरज पटेल, दीपू चतुर्वेदी, प्रमोद रैकवार, जीतेंद्र शर्मा, गौतम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरे युवक, की मौत



**ईशानगर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के कुर्रा मार्ग पर रेल्वे पुल के पास शनिवार की देर रात्रि सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह मोर्निंग वॉक के लिये निकले लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा ने युवक की पहचान मंगल सिंह उर्फ रज्जू यादव पिता अमान सिंह यादव उम्र 35 वर्ष निवासी पठादा के रूप में की गई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस पूरी घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल छतरपुर भेज दिया है।

### चलती बाईक का टायर फटने से पिता-पुत्र घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर-छतरपुर मार्ग पर रविवार को पिता-पुत्र बाईक से जा रहे थे तभी बाईक का टायर ब्लास्ट हो गया और बाईक सवार पिता-पुत्र दुर्घटना में घायल हो गए। नौगांव निवासी रवि रैकवार ने बताया कि उसके पिता भगवानदास और बड़ा भाई दशरथ एक गमी में शामिल होने के लिए राजनगर गए थे। यहां से वापिस घर लौटने के दौरान राजनगर छतरपुर मार्ग पर रास्ते में बाईक का आगे वाला टायर ब्लास्ट हो गया तथा बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### हरपालपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध कुकुरैल मंदिर में भाजपा के असंतुष्ट गुट का हुआ कार्यक्रम

# भाजपा प्रत्याशी के विरोध में एक बार फिर सियासी उबाल

- बैठक की फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल
- टिकट बदलवाने की रणनीति पर हुई चर्चा



**नौगांव, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा से भाजपा के घोषित प्रत्याशी कामख्या प्रताप सिंह का विरोध दो महीने बाद भी थमने का नाम ले रहा है। घोषित प्रत्याशी का पार्टी के ही लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। अब असंतुष्ट गुट के नेताओं ने अलीपुरा रियासत के कुकरैल गांव में ही बैठक कर भाजपा से घोषित प्रत्याशी रियासत के युवराज कामख्या प्रताप सिंह के विरोध में आगे की रणनीति बनाई है। बैठक के दौरान असंतुष्ट गुट ने एक बार फिर भोपाल एवं दिल्ली में डेरा डालकर प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व से टिकट बदलवाने की मांग रखने पर सहमति बनी है। जिसके बाद आज सोमवार को प्रतिनिधिमंडल भोपाल को रवाना हो रहा है। इससे पहले भी असंतुष्ट गुट ने नेताओं, चौरसिया समाज सहित अनेक संगठनों ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर प्रत्याशी बदलने की मांग रख चुका है।

बीते अगस्त महीने में भारतीय जनता पार्टी ने छतरपुर जिले की महाराजपुर विधानसभा सीट से अलीपुरा रियासत के युवराज एवं पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के बेटे कामख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा को प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही कामख्या प्रताप सिंह का पार्टी और संगठन के कार्यकर्ता से लेकर विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधि, मंडल सहित मोर्चा के पदाधिकारी लगातार विरोध कर रहे हैं। टिकट वितरण के लगभग दो माह गुजर जाने के बाद भी घोषित प्रत्याशी का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। घोषित प्रत्याशी कामख्या प्रताप सिंह के विरोध में असंतुष्ट गुट पुतला दहन से लेकर पार्टी स्तर एवं पार्टी के बाहर भी टिकट बदलने की मांग रख चुका है। असंतुष्ट गुट के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, सीएम शिवराज सिंह चौहान, हितान्नद शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष, कैलाश विजयवर्गीय सहित केंद्र के तमाम नेताओं से मुलाकात कर प्रत्याशी का विरोध करते हुए टिकट बदलने की मांग की थी। अब एक बार फिर से असंतुष्ट गुट के नेताओं ने बैठक कर आगामी रणनीति बनाई है।

**पहले भी बैठक कर बन चुकी है विरोध की रणनीति :** भाजपा के प्रत्याशी बनाए गए कामाख्या प्रताप सिंह का विरोध अब जोर पकड़ गया है। महाराजपुर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियो एवं दावेदारों की बीते दिनों शहर में स्थित हाइवे ट्रीट होटल में बैठक हुई। बैठक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भाजपा के पूर्व विधायक से लेकर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित महाराजपुर विधानसभा में प्रभाव रखने वाले आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता, नेता शामिल हुए।

**भोपाल एवं दिल्ली दरबार में जाकर दर्ज करा चुके हैं विरोध :** सूत्रों के मुताबिक विधानसभा क्षेत्र के हरपालपुर, नौगांव, लुगासी एवं महाराजपुर मंडल के अलावा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सहित एक सैकड़ा से अधिक पार्टी एवं संगठन के लोगों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, हितानंद शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात कर टिकट बदले जाने की मांग की है। असंतुष्ट गुट ने लोगों ने परिवारवाद, राजदरबार प्रथा का विरोध कर पार्टी फोरम पर बात रखते हुए किसी भी अन्य दावेदार को टिकट देने की मांग की है।

**पुतला दहन, एवं नेतृत्व से टिकट बदलने की मांग :** विधानसभा चुनाव में अभी दो महीने से अधिक का समय है,लेकिन पिछले दिनों भाजपा ने 39 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुनावी माहौल गर्म कर दिया है। जिसमें महाराजपुर विधानसभा से भाजपा ने पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा क्षेत्र में जनसंपर्क कर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, तो वहीं पार्टी के अन्य दावेदार एवं संगठन के लोग घोषित प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। प्रत्याशी का पुतला दहन एवं सोशल मीडिया में हो रहे विरोध की आग भोपाल तक पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों पूर्व विधायक, विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल, जनप्रतिनिधि सहित संगठन से जुड़े एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने भोपाल में डेरा डालकर पार्टी फोरम पर टिकट बदलने की मांग की थी।

**2018 के विधानसभा चुनाव में मानवेंद्र सिंह का भी हुआ था विरोध :** भाजपा से घोषित प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह के पिता मानवेंद्र सिंह को भी भाजपा ने 2018 में प्रत्याशी बनाया था। भाजपा नेताओं के इस गुट ने उस इस दौरान भी मानवेंद्र सिंह का विरोध किया था, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने मानवेंद्र सिंह का टिकट नहीं बदला था। जिसके बाद टिकट न बदले से नाराज क्षेत्र में भाजपा नेताओं ने पार्टी के खिलाफ वोटिंग कराई थी। जिसका खामियाजा भी भारतीय जनता पार्टी को उठाना पड़ा था, इसके बाद जब चुनाव परिणाम आया तो कांग्रेस के नीरज दीक्षित न भाजपा के मानवेंद्र सिंह को 14 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था।

### अलीपुरा रियासत के कुकरैल गांव में हुई असंतुष्ट गुट की बैठक

महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी अलिपुरा राजघराने के युवराज हैं। अलीपुरा स्टेट में क्षेत्र के 36 गांव आते हैं। अलीपुरा रियासत के 36 गांवों में से एक गांव कुकरैल है। कुकरैल गांव में स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को असंतुष्ट गुट के नेताओं ने बैठक कर आगामी रणनीति बनाई। बैठक में मौजूद भाजपा से जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश पाठक, पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक, लोकेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र नायक, मणिकांत चौरसिया, संतोष दीक्षित, अवनेंद्र पटेरिया, हरिश्चंद्र द्विवेदी, मानिक चौरसिया, सूरज देव मिश्रा सहित नौगांव, हरपालपुर, गढ़ी मलहरा, महाराजपुर क्षेत्र सहित ग्रामीण एरिया के एक सैकड़ा से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बैठक कर रणनीति बनाई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के विरोध एवं आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। जिसमें असंतुष्ट गुट में सर्वसम्मति से आगामी दिनों में फिर से भोपाल एवं दिल्ली जाकर पार्टी संगठन के नेतृत्व से मुलाकात करने एवं टिकट बदलवाने सहित आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही बैठक में घोषित प्रत्याशी के अलावा अन्य किसी भी दावेदार को टिकट मिलने पर एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने पर भी सहमति बनी। भाजपा के असंतुष्ट गुट की बैठक के बाद नगर में एक बार फिर से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है क्या इस बार फिर से टिकट न बदलने पर भाजपा के लोग ही भाजपा को हराएंगे। यदि ऐसा होता है तो क्या फिर से कांग्रेस को यह सीट गिफ्ट में मिलेगी या भाजपा नेतृत्व असंतुष्ट गुट के नेताओं को मनाने में सफल हो पाएगा। खैर जो भी हो यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन असंतुष्ट गुट के नेताओं की बैठकों एवं घोषित प्रत्याशी के विरोध के चलते कांग्रेस पार्टी अपनी जीत देख रही है।

## बच्चे सीख रहे विभिन्न कला विधाएं



**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को सेवा ही संकल्प समिति द्वारा ग्राम पठापुर के शास. हाई स्कूल मैदान में खुशियों की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने चंद्रयान 3 की पेंटिंग बनाई। भारत के अंतरिक्ष मिशन के बारे में चर्चा की तथा इसरो के बारे में जाना। इसके अतिरिक्त पेंटिंग, बौद्धिक शारीरिक खेल, गायन, शतरंज आदि गतिविधियां आयोजित हुईं।

समिति के सत्यम सिंह सोलंकी ने बताया कि खुशियों की पाठशाला का यह चौथा रविवार था जिसमें लगभग आधा सैकड़ा बच्चे उपस्थित रहे। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है, बस प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के बीच यही कार्य हमारी टीम ने ठाना है।

इस रविवार के प्रकल्प में समिति से नवदीप पाटकर, लोकेश पुष्पकार, लखन अहिरवार, अंशुल साहू, अभिषेक रावत, सत्यम सिंह सोलंकी, चिराग सोनी, अनुज साहू उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद के चलते जानलेवा हमला

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रेवना में जमीनी विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए व्यक्ति को परिजन जिला अस्पताल लाए हैं, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। रेवना निवासी विवेक साहू ने बताया कि उसके चाचा जागेश्वर साहू का गांव के गुड्डा, कालीचरण और भूरा से जमीनी विवाद चल रहा है और इसी विवाद के चलते रविवार को उक्त तीनों ने धारदार हथियार से जागेश्वर पर हमला कर दिया। जागेश्वर के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद परिजन जागेश्वर को थाने ले गए थे, जहां शिकायत किए जाने के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## 3 बूथों में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने तीन बूथों खंदेवरा, मलपुरा और धमौरा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनमें सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने और चुनाव में भाजपा की जीत तय करने के लिए जुट जाने का जोश भरा है।

कर्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव में घर घर तक लाडली बहनाए सस्ता रसोई गैस सिलेंडर, आयुष्मान योजना, संबल योजना, आवास योजना, सहित अन्य सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों तक भाजपा को जिताने के लिए तैयार करने में जुट जाएं। जिससे लोगों के मन में भाजपा सरकार की उपलब्धियों के प्रति विश्वास कायम रहे और वे चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करके एक बार पुन: भाजपा को विजयश्री दिलाने में अपना योगदान दे सकें। कार्यकर्ताओं की मेहनत पर ही जीत का सारा दारोमदार टिका हुआ है।

इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प जताया है। इन गांवों में बैठक के बाद श्रीमती ललिता यादव ने गांव में महिलाओं से मुलाकात की।

महिलाओं ने उन्हें गले लगाकर हरसभव स्नेह और जुडाव कायम रखने का भरोसा दिलाया। वहीं कई वृद्ध महिलाओं ने श्रीमती ललिता यादव के सिर पर हाथ रख कर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया।

## मगरमच्छ को पकड़कर वन अमले को सौंपा



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** बड़ामलहरा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेलदा में बीती रात को करीब 10 बजे भेलदा के किसान अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे उसी दौरान कुछ किसान नाले के आसपास बैठे हुये थे। उसी समय नाले से जानवर जैसे चलने की आवाज आई तो किसानों उस आहट को सुनकर दवे पांव नाले में देखा जहां विशाल मगरमच्छ घूम रहा था। उसी समय किसानों ने गांव में खबर फैला दी जिससे बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंच गए थे। इसके बाद मगरमच्छ के लगातार मूमेंट मिल रहे थे। जिसको लेकर ग्रामीण लगातार राजा घाट नाले को तलाश करते रहे जिसमें ग्रामीणों सफलता मिली है।दोपहर करीब 1 बजे रत्तू लोधी एवं गजाधर लोधी अपने खेत में काम कर रहे थे उसी समय अचानक से मगरमच्छ पानी से बाहर देखा गया। उसी समय ग्रामीण एकात्रित हो गए और मगरमच्छ को पकडक़र वन विभाग को बुला कर सुपुर्द कर दिया।

स्थानीय रहवासी चन्द्रकान्त भोले लोधी ने बताया है कि सभी ग्रामीण लगातार रात्रि से तलाश कर रहे है लेकिन दूसरे दिन दोपहर को मगरमच्छ मिल गया और ग्रामीणों ने पकड़ कर वन विभाग को सौंप दिया। मौके पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर सन्तोष सिंह ने बताया है कि पकड़े गए मगरमच्छ को बान सुजारा बांध में छोड़ा जाएगा।

## क्रमोन्नति के आदेश का तुरंत पालन हो

- शिक्षक संगठन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर, देशबन्धु।** काफी लंबे संघर्ष के बाद प्रदेश शासन द्वारा अध्यापक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को इस क्रमोन्नति का लाभ यथाशीघ्र मिल सके इसके लिए शासकीय अध्यापक संगठन लगातार प्रयासरत है। संगठन ने डीईओ को पत्र देकर तुरन्त कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन द्वारा अध्यापक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। आदेश जारी होने से अध्यापक संवर्ग को लाभ मिलने की किरण नजर आ रही है। आदेश का शीघ्र पालन तभी संभव है जब जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश पर पृष्ठांकन लगाकर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों को क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए। शासकीय अध्यापक संगठन मध्य प्रदेश के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रांतीय प्रचार सचिव अमित तिवारी, जिला अध्यक्ष अनुराग खरे, कार्यकारी जिला अध्यक्ष कमल अवस्थी, जिला महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विभूति सिरोठिया, संगठन मंत्री खुर्शीद अहमद खान, ब्लॉक अध्यक्ष मुफीद अहमद खान, रमेश प्रजापति, पवन कुमार मिश्रा आदि ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें क्रमोन्नति आदेश के जिले में शीघ्रपालन कराए जाने हेतु आग्रह किया है। संगठन की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी एमके कोटार्य ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही क्रमोन्नति आदेश का पालन जिले में कराया जाएगा, कोई भी अध्यापक इस लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

## कारीगर भक्तों की विशेष मांग पर खास प्रतिमाएं कर रहे तैयार



**छतरपुर, देशबन्धु।** आगामी नवरात्र पर्व के लिए को लेकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बनाने का काम इन दिनों जोरशोर से चल रहा है। कारीगर अपनी मेहनत से मूर्ति को ऐसा रूप देने में जुटे हैं मानो वह मूर्ति न होकर साक्षात मां देवी हों। कारीगर भक्तों की विशेष मांग पर खास प्रतिमाएं भी तैयार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन सख्ती से पीओपी मूर्तियां बनाने वालों पर कार्यवाही भी कर रहा है। शहर में वि?भिन्न स्थानों पर दुर्गा पंडाल सजाने वाले समितियों की बैठकें भी चल रही है जिनमें आयोजन की रूपरेखा बनाई जा रही है।

मिट्टी की मूर्तियां बनाने वाले कलाकारों ने बताया कि चूंकि मिट्टी की मूर्तियां बनाने में ज्यादा समय एवं लागत लगती है इसलिए कुछ लोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले पीओपी पदार्थ से मूर्तियां बनाते हैं। मूर्ति कलाकार गणेश प्रजापति ने बताया कि वे लगभग 15-16 सालों से प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने यह कला अपने मामा से सीखी थी। पहले वह अपने गांव में मूर्तियां बनाया करते थे और अब मामा के साथ शहर में मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मूर्तियां में मिट्टी, घास, लकड़ी आदि का इस्तेमाल वे कर रहे हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। श्री प्रजापति ने बताया कि वे जुलाई से मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं और अब मूर्तियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है।

## *हजरत बाबा गुलाब शाह 57वां सालाना उर्स शुरू*

**साप्ताहिक उर्स में भंडारा एवं कब्बाली का भी हो रहा आयोजन**

**बुंदेलखंड क्षेत्र की सांप्रदायिक सौहाद्र की मिशाल है बाबा गुलाब शाह**



*__नौगांव, देशबन्धु।__ शहर में स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक, साम्प्रदायिक सौहाद्र की मिशाल बंशी वाले श्याम बाबा हरजत बाबा गुलाब शाह का 57वां साप्ताहिक उर्स मुबारक रविवार से शुरू हो गया है। फजिर की नमाज के बाद बाबा का सुबह संदल घुस्ल करके शुरू हुआ। उर्स में भक्तों के द्वारा सुबह से भंडारे का आयोजन एवं शाम को सूफी कब्बाली का आयोजन किया जा रहा है जो पूरे सप्ताह तक चलेगा।रविवार से शुरू हुए एक सप्ताह तक चलने वाले उर्स में हिन्दू मुस्लिम सहित सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग शामिल हुए।*

*क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल बंशी वाले श्याम बाबा के नाम से प्रसिद्ध हजरत बाबा गुलाब शाह का सालाना 57वां सालाना साप्ताहिक उर्स रविवार 8 अक्टूबर से शुरू हो गया है। रविवार सुबह फजिर की नमाज के बाद बाबा का संदल गुस्ल हुआ। इसके बाद सुबह 11 बजे से बाबा के भक्तों की तरफ से दरगाह में भंडारा प्रारम्भ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। शाम के समय बाबा की दरबारी चादर उठाई गई। तो वहीं बाबा के दरवार में सूफी कब्बालियों का भी आयोजन किया जा रहा है। बाबा गुलाब शाह का यह उर्स पाक पूरे एक सप्ताह तक चलेगा। बाबा के सलाना उर्स में शामिल होने के लिए दूर- दूर से भक्त पहुंच रहे हैं। उर्स में बुंदेलखंड क्षेत्र के अलावा दिल्ली, कानपुर, मुम्बई, नागपुर, जैसलमेर, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता, भोपाल सहित देश के अनेक शहरों में बसे बाबा के भक्त उर्स में शामिल होने पहुंचने लगे है। बाबा के उर्स में पहले दिन*

*कई हजारों की तादाद में भक्त पहुंचे। भक्तों ने बाबा की दरगाह में पहुंचकर माथा टेका। उर्स पाक में साम्प्रदायिक सौहाद्र की मिशाल देखते बनती है। उर्स पाक में हिंदु-मुस्लिम सभी वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं और यह सिलसिला पूरे सप्ताह भर चलेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले उर्स में भक्तों की तरफ से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन एवं शाम से कब्बलियों का आयोजन किया जा रहा है। बाबा का उर्से पाक पूरे एक सप्ताह तक चलेगा, जिसमें रोजाना हजारों की तदाद में भक्त शामिल होकर अपनी मुराद पूरी होने एवं मुराद की अर्जी लगायेगे।*

*__उर्स के साथ मेला का भी आयोजन :__ हजरत बाबा गुलाब शाह का 57वां उर्स पाक रविवार से शुरू हो गया है। बाबा के उर्स मे शामिल होने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचने लगे हैं। इसके चलते बाबा के दरवार के बाहर मेला का आयोजन भी किया गया है। मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिये झूले आदि लग गए हैं। दरवार के बाहर घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की दुकानें अधिक लगी हैं। उर्स में शामिल होने आ रही महिलाएं बाबा के दरबार में माथा टेकने के बाद मेला में लगी कॉस्मेटिक्स एवं अन्य दुकानों से खरीददारी करती हैं साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले भी लगे हैं।*

सागर, सोमवार 9 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# रोकना होगा इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध

लगभग पौने दो वर्षों से दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के रुकने का बेसब्री से इंतज़ार कर ही रही है, वहीं उसके सामने एक और बड़ी लड़ाई आकार लेती हुई नज़र आ रही है। फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा शनिवार के तड़के केवल 20 मिनटों में इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दाग दिये गये। इससे इजराइल व गाजा पट्टी में 500 लोगों के मरने की खबर है, जिनमें 26 इजराइली सैनिक हैं। दक्षिणी इजराइल के बिर्शेबा नामक शहर में 750 इजराइली नागरिक घायल हुए हैं। अनेक बेहद गम्भीर है। इसका जवाब देते हुए इजराइल ने गाजा पट्टी के 17 फिलिस्तीनी मिलिट्री शिविरों और चार सेना मुख्यालयों पर बड़ा हमला बोल दिया। दक्षिणी लेबनान पर उसने बम बरसाए हैं। इससे करीब 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई तथा डेढ़ हजार से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि 'उनका देश युद्ध में शरीक हो गया है।' अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के साथ यूरोपियन यूनियन ने इजराइल का समर्थन किया है। दूसरी तरफ ईरान ने हमास को इस हमले के लिये बधाई देते हुए उसे आश्वस्त किया है कि इजराइल के खिलाफ लड़ाई में वह फिलिस्तीन व यरुशलम की आजादी तक उसका साथ देगा।

अरब देशों के साथ इजराइल की लड़ाई का इतिहास करीब एक सदी पुराना है, यानी इजराइल को स्वतंत्र देश बनने के भी पहले से। अनेक बार इजराइल अपने मुस्लिम बहुल 8 पड़ोसी मुल्कों से उलझता रहा है जिस दौरान इनके बीच कई जंगें हो चुकी हैं। हालांकि 1978 के मध्य में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निमंत्रण पर तब के इजराइली पीएम मेनाकेम बेगिन एवं एक युद्धरत देश मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात के बीच कैंप डेविड में शांति समझौता हुआ था लेकिन अन्य देशों के साथ ऐसा कोई माहौल कभी नहीं बन पाया। इन देशों के साथ इजराइल के हुए अनेक छोटे-बड़े संघर्षों ने फिलिस्तीन को अपनी जमीन खोने पर मजबूर ही किया। जहां तक ताज़ा लड़ाई की बात है, तो इसके आसार इस साल के अप्रैल से बनने लगे थे जब इजराइली पुलिस ने अल अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंककर इसे अपवित्र किया था। इस धर्म स्थल पर दोनों (इजराइल-फिलिस्तीन) अपना हक जताते हैं। यहूदी इसकी पश्चिमी दीवार को यहूदी मंदिर का अंतिम अवशेष मानते हैं तो वहीं फिलिस्तीनियों की मान्यता है कि यह अल बराक मस्जिद की दीवार है। उनके लिहाज से मक्का व मदीना के बाद यह मुस्लिमों के लिये सबसे पवित्र स्थान है। 1970 के दशक में एक समझौता हुआ था कि गैर मुस्लिम यहां आ सकते हैं परन्तु वे कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकेंगे। पिछले दिनों इसलिये विवाद भड़का क्योंकि यहां आकर कुछ यहूदियों ने पूजा करने की कोशिश की थी। हमास ने यह आक्रमण ऐसे दिन पर (शनिवार को) बोला जब यहूदियों का पवित्र त्यौहार सिमचैट टोरा मनाया जा रहा था। इजराइल इन दिनों अपने अंदरूनी विवादों में भी व्यस्त है। सरकार द्वारा न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती करने वाले कदमों के खिलाफ वहां जन आंदोलन जारी हैं। इतना ही नहीं, 6 अक्टूबर को 1973 के युद्ध की 50वीं वर्षगांठ भी थी।

वैसे तो युद्ध की स्थिति तक पहुंचने के कई कारण हैं लेकिन इसके सम्भावित परिणामों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध में नाटो के तहत जो तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं वे इजराइल के भी साथ हैं। इसके कारण एक बार फिर से दुनिया के देश ईसाई और मुस्लिम खेमों में बंट जायेंगे। ईसाई देशों का समर्थन स्वाभाविकत: इजराइल के साथ है तो वहीं मुस्लिम देश फिलिस्तीन के साथ हैं। इसमें भी जिस प्रकार से ईरान ने खुलकर हमास द्वारा किये गये हमलों का स्वागत किया है, अगर वह फिलिस्तीन के समर्थन में बाकायदे लड़ाई के मैदान में उतर आता है तो स्थिति विकट हो सकती है। तुर्किए भी फिलिस्तीन का समर्थन दे सकता है तो वहीं चीन का झुकाव भी फिलिस्तीन की ही ओर होगा। भारत ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखलाई है। मध्य पूर्व के इन देशों के पास खतरनाक हथियारों के ज़खीरे हैं। स्वयं हमास, जिसकी गतिविधियां संचालित करने का केन्द्र गाजा पट्टी है, ड्रोन और रॉकेटों से हमले करने में सक्षम है।

यूक्रेन की लड़ाई बहुत लम्बे समय तक न चलने के अनुमान लगाए गए थे लेकिन अब इस लड़ाई को पौने दो वर्ष होने को आए हैं, तो भी कोई संकेत दिखलाई नहीं पड़ रहे हैं कि यह थमेगा। इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कैसा पड़ा है- यह सभी देख रहे हैं। ऐसे में अगर दुनिया को एक और युद्ध झेलना पड़े तो वह उसे झेल नहीं पाएगा। युद्ध केवल परस्पर विरोधी देशों के सैनिकों के बीच का ही मसला नहीं होता बल्कि इससे निर्दोष नागरिकों को ज्यादा तकलीफें उठानी पड़ती हैं। हमास के व इजराइली हमलों में जनसामान्य को जान-माल की हानि उठानी पड़ी है। हमास की अंधाधुंध फायरिंग में कई लोग मारे गये तथा महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें पैरों से रौंदा गया है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। उनमें से कई जीवन भर के लिये अपाहिज हो सकते हैं या आजीवन शारीरिक तकलीफों से गुज़रेंगे। विकास के लिये शांति ज़रूरी है और युद्ध विकास का अवरोध है। यह समग्र मानवता के खिलाफ है। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं वरन अपने आप में समस्या है। दुनिया के सभी शांतिप्रिय देशों व नागरिकों को चाहिये कि वे इस लड़ाई को रुकवाएं। राष्ट्र संघ को तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए युद्धरत दोनों देशों को वार्ता की टेबल तक लाना चाहिये।

# इजराइल के समर्थन के बहाने देश में नफरत को बढ़ावा!

देश की सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा सिर्फ इजराइल का इकतरफा समर्थन ही नहीं कर रही है बल्कि इस बहाने देश में नफरत और विभाजन को और बढ़ावा भी दे रही है। उसने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें वह घटनाओं को इस तरह दिखा रही है जिससे राजनीतिक रूप से कांग्रेस के खिलाफ माहौल बने और धार्मिक रूप से मुसलमानो के खिलाफ।

इजराइल के मामले में नेहरू से लेकर इन्दिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी की भी एक ही नीति थी कि इजराइल ने अरब देशों की जमीन पर अवैध कब्जा किया है जो उसे खाली करना होगा। अभी तक मोदी सरकार भी फिलिस्तीन का समर्थन करती थी। वहां के मामले में संतुलित रूख अपना रही थी।

मगर अब जातिगत जनगणना के बाद पिछड़ों में आए फिर से उभार के बाद उसने अचानक अपनी नीति बदल ली। प्रधानमंत्री मोदी ने खुल कर इजराइल का समर्थन कर दिया। और उनकी पार्टी भाजपा ने इसके बहाने मुस्लिम विरोध का नया अभियान शुरू कर दिया।

इजराइल-फिलिस्तीन समस्या अलग है मगर इसके बहाने भाजपा और दूसरे साम्प्रदायिक लोगों की राजनीति अलग। अन्ना हजारे के साथ झूठ का एक आन्दोलन चला भाजपा को सत्ता में लाने वाले कुमार विश्वास जैसे लोग अन्तरराष्ट्रीय स्थिति के बहाने सीधे भारतीय मुसलमानों पर सवाल उठाने लगे। आश्चर्यजनक रूप से ओबीसी की राजनीति कर रहे कुछ लेखक पत्रकार सोशल मीडिया के इनफ्लूएंसर ( प्रभावित करने वाले) भी मुसलमानों को टारगेट करने लगे। यह लोग देवरिया में तो प्रेमचंद यादव के परिवार के साथ हैं। मगर दूसरी तरफ अडानी के भी, मणिपुर के मामले में सरकार की चुप्पी के भी, ब्रजभूषण शरण सिंह के भी और वहां इजराइल के साथ भी हैं।

जातिगत जनगणना करवाने की सबसे जोरदार मांग राहुल गांधी की थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उसे करवा भी दिया। जाहिर है यह ओबीसी के राजनीतिक सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा फायदेमंद होगी। लेकिन फिलहाल तो ओबीसी के तथाकथित बुद्धिजीवी लोग- आएगा तो मोदी ही- का माहौल बनाने में लगे हुए हैं। उनके लिए मुसलमान से नफरत सबसे जरूरी चीज है। यही भाजपा के लिए भी है। इसलिए उसने महिला बिल में ओबीसी महिलाओं को जगह नहीं दी क्योंकि वह जानती है कि मुसलमान विरोध के चलते ओबीसी अपनी महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं देगा। बल्कि इजराइल-फिलिस्तीनियों को कैसे मारे इस पर ही ध्यान लगा कर रखेगा।


नफरत और विभाजन की राजनीति ने देश में किस तरह जहर भर दिया है यह रोज-रोज नए -नए रूपों में सामने आ रहा है। मगर कोई सोचने वाला नहीं है। हर चीज को मुस्लिम विरोध की तरफ मोड़ दो यही सोच बना हुआ है। मगर यह समस्या का हल नहीं है। नफरत और विभाजन के जहर का प्रवाह आप नियंत्रित नहीं कर सकते।

अभी देवरिया में जो हुआ और उसके बाद जिस तरह जातीय विभाजन हुआ उसमें आप मुसलमान एंगल चाहकर भी नहीं जोड़ सकते। मणिपुर में बहुत कोशिश की मगर वहां कोई मुस्लिम एंगल नहीं है। ब्रजभूषण शरण सिंह के मामले में नहीं है। किसान आंदोलन में नहीं था। वास्तव में यह कहीं नहीं है। मगर मुसलमान के खिलाफ माहौल बनाकर 80 प्रतिशत लोगों को एक करने की राजनीति के लिए यह बनाया जाता है।

अब जब जातिगत जनगणना 80 बनाम 20 का झूठा नरेटिव ( कहानी) तोड़ रही है तो इजराइल-फिलिस्तीन के बहाने फिर ओबीसी और दलितों को धर्म की राजनीति की तरफ खींचा जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी दलित आदिवासी मिलकर 84 प्रतिशत होते हैं। यह सच्चाई है। उन्होंने यह नहीं कहा कि यह 84 प्रतिशत किसी एक गठबंधन के साथ आएंगे। हां यह जरूर कहा कि अपनी आबादी के हिसाब से अपना हक लेंगे।

इसी बात ने भाजपा की सारी राजनीति को गड़बड़ा दिया। और वह सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को वापस धर्म के मैदान में खींचने में जुट गई। ताजा फिलिस्तीन-इजराइल युद्ध उसे इसके लिए बहुत मौजूं लगा। सरकार ने अपनी पुरानी सारी विदेश नीतियों को भूलते हुए अरब देशों का हमेशा पाकिस्तान के मामले में भारत का समर्थन भूलते हुए और यहां तक कि फिलिस्तीन के नेता यासेर अराफात को हर मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने को भूलते हुए इजराइल का समर्थन कर दिया। यह विदेश नीति नहीं है। घरेलू राजनिति में वोट का जुगाड़ है।

भारत का मुसलमान पिछले साढ़े 9 साल से यह सब देख और भुगत रहा है। अब तो लोकसभा के अंदर तक मुसलमानों को गालियां दी जा रही हैं। 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद सबसे पहले घर वापसी के नाम पर उन्माद फैलाया गया। फिर लव जिहाद लाया। और उसके बाद तो लीचिंग और खुल कर हमें मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। केन्द्रीय मंत्रियों के कथन पाकिस्तान चले जाओ, गोली मारो, जुमे के दिन सड़कों पर कब्जा हो जाता है और प्रधानमंत्री तक के श्मशान-कब्रिस्तान, कपड़ों से पहचानो जैसे एक से बढ़कर एक साम्प्रदायिक बयान आने लगे। वोट और सिर्फ वोट! इसके लिए गिरने की कोई सीमा नहीं। न ही यह चिंता कि यह नफरत और विभाजन की राजनीति कहां जाकर रुकेगी। हिन्दू-मुसलमान कब तक चलेगा?



शकील अख्तर

> प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देवरिया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।

देवरिया में देख ही लिया कि जब चारों तरफ केरोसिन छिड़का हुआ था तो वहां किस तरह हत्याकांड हुए और उसके बाद तत्काल मामला जातिगत विभाजन में बदल गया। राहुल की मोहब्बत की दुकान का मतलब ही यही है कि नफरत का बाजार बंद करो। यह नफरतें तुम्हें कहीं नहीं ले जाएंगी। और यह बात तो रोहित वेमुला को आत्महत्या करने पर मजबूर करने, गुजरात में दलितों को नंगा करके खंबे से बांधकर पीटने, मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर पेशाब करने से लेकर देवरिया में एक पक्ष प्रेमचंद यादव के मकान पर नोटिस चिपकाकर उसे बुलडोजर चलाकर गिराने की कोशिशों से साबित हो ही गई कि यह नफरत केवल मुसलमान तक सीमित नहीं रहेगी। नफरत की आग सबको जलाएगी। अगर हिन्दू-मुसलमान की राजनीति नहीं रोकी तो जाति की राजनीति भी नहीं रुकेगी। अगर हिन्दू-मुसलमान में केवल फर्क ही बताते रहे तो फिर जातियों में क्या और कितना फर्क है यह रोक पाओगे?

प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देवरिया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।

अभी भी समय है। मुसलमानों, यादवों, ब्राह्मणों, दलित आदिवासी, मणिपुर की पीड़ित महिलाओं किसी के खिलाफ भी नफरत फैलाने से बाज आओ। यह दुनिया नफरत से नहीं चल सकती। देश की राजनीति के लिए विदेश नीति को मत बदलो। वहां भारत का जो सम्मान है वह उसकी न्यायप्रियता के लिए है। वहां हम हमेशा कहते रहे हैं कि कितने फिलीस्तिनियों को मारा गया। हजारों तो बच्चे हैं।

पहली बार हमास ने हमला किया है इतना बड़ा। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार बहुत बुरा है। महिला की डिग्निटी चाहे जीवित या मृत किसी भी अवस्था में रखना चाहिए। नग्न इजराइली महिला के शव पर नारे लगाते हुए हमास के लोगों की जितनी निंदा की जाए कम है। मगर अफसोस यही होता है कि सही सोच समझ वाले सब ने उस वीडियो की निंदा की। मगर मणिपुर में महिलाओं के साथ नग्न परेड निकालते हुए हरकत करते हुए, पहलवान लड़कियों के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले जिसे अब कोर्ट में पुलिस ने भी मान लिया है, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जमानत देने, स्वागत करने के मामले में वह लोग चुप रहे जो इजराइल के मामले पर बोल रहे हैं।

दो पैमाने भी यह पिछले साढ़े 9 साल की ही देन है। नहीं तो पहले देश की मानसिकता में इतना जहर नहीं भरा हुआ था। निर्भया के समय पूरा देश एक हो गया था। लेकिन अब भाजपा विधायक सेंगर के मामले से लेकर हाथरस महिला पहलवानों और मणिपुर की महिलाओं तक पीड़िताओं पर ही सवाल उठाए गए, उन्हीं पर जुल्म हुए और आरोपियों को समर्थन मिला।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज पर सियासत का अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों?

पिछले सप्ताह मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर दखल देने को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष तौर पर हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है। फ्री बीज मुद्दे ( चुनाव से पहले की जाने वाली लोक लुभावनी घोषणाओं) पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि 'राजनीतिक दलों को चुनावी वादे करने से नहीं रोक सकेते हैं।' चुनाव पूर्व सभी राजनीतिक दल चुनावी वादे करते हैं, जिस पर अदालतें रोक नहीं लगा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मसले पर पहले तो राज्यों के हाईकोर्ट में याचिका लगाई जानी चाहिए थी। इसके बाद मामले को यहां तक आना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यालयों को पार्टी कार्यालय की तरह उपयोग किए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री आवास सह कार्यालयों को 'मुख्यमंत्री ऑफिस-सीएमओ' की जगह 'राज्य सरकार कार्यालय' लिखें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों के नवंबर-दिसंबर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जमकर हो रही चुनावी घोषणाओं से सुप्रीम कोर्ट भी हरकत में आती दिखती है। याचिकाकर्ताओं के तर्क है कि हर बार सरकारें चुनावी घोषणाएं करती हैं, इससे अंतत: करदाताओं पर बोझ बढ़ता है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार का लोगों को पैसे बांटना प्रताड़ित करने जैसा है। यह हर बार होता है और इसका भार टैक्स चुकाने वाली जनता यानि करदाताओं पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च करते हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 8.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम कर रहे हैं। इसमें केरल 0.1 फीसदी हिस्सा फ्री बीज को देता है।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से ज्यादा ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। राजस्थान, पंजाब, बंगाल में 35 फीसदी हिस्सा लुभावनी योजनाओं में खर्च हो रहा है। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्री बीज मुद्दे पर फैसले के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए। इसमें केंद्र, राज्य सरकारें, नीति आयोग, फाइनेंस कमीशन, चुनाव आयोग, आरबीआई, सीएजी, और राजनीतिक पार्टियां शामिल हों। इस मसले पर सुको कह चुका है कि 'गरीबों का पेट भरने की जरूरत है, लेकिन लोगों की भलाई के कामों को संतुलित रखने की भी जरूरत है, क्योंकि फ्री बीज की वजह से इकानॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्री बीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।' कुछ लोगों का कहना है कि राजनीतिक पार्टियों को वोटर्स से वादे करने से नहीं रोका जा सकता, पर अब ये तय करना होगा कि फ्री बीज क्या है? क्या सबके लिए हेल्थकेयर, पीने के पानी की सुविधा...मनरेगा जैसी योजनाएं, जो जीवन को बेहतर बनाती हैं, क्या उन्हें फ्री बीज माना जा सकता है? कोर्ट ने इस मामले के सभी पक्षों से अपनी राय देने को कहा है।



डॉ. लखन चौधरी

> सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट केंद्र से पूछ चुका है कि इस मसले पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाते हैं? राजनीतिक दलों को ही इस पर सब कुछ तय करना है। सुनवाई के दौरान कहा कि कमेटी बनाई जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पाएगी? इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस मसले पर चुनाव आयोग ने कहा कि फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्री बीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्री बीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करे कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

इस मामले पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।

## गुरवाणी विचार

# हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो

जिनी ऐसा हरिनाम नूं चेतियो से काहै जग आये रामराजे।
ऐ मानस जनम दुर्लभ है, नाम बिना बिरथा सब जाये।
हुन वते हरिनाम नूं बीजियो-अगे भुखा किया खाये।
मनमुखा नूं फिर जनम है- नानक हरि भाये।।

यह शब्द भासा दी वार से लिया गया है। इसमें गुरु देव मानव मन को न केवल समझा रहे हैं बल्कि ताड़ना भी दे रहे हैं। हम इस संसार में हमारे किसी पूर्व जन्म के किए गए अच्छे सतकर्मों के कारण मानुष जनम प्राप्त हुआ है क्योंकि चौरासी लाख योनियों में मानव जनम सर्वश्रेष्ठ है, इसे पाने के लिए बड़े-बड़े देवतागण भी तरसते रहते हैं बिना मानुष जीवन पाए सिमरन, भजन, बंदगी भी नहीं हो सकती और जब हमें बड़े भाग से मानव योनि की प्राप्ति हो ही गई है तो फिर हमें चाहिए कि अपने सिरजनहार को हमेशा याद करते रहें इसे हम न बिसारें नहीं परन्तु यहां आकर हम सांसारिक नुमायमान पदार्थों के मोह में फंसकर उस असली कार्यों को भूल गए हैं जिसके लिए प्रभु परमात्मा ने हमें यहां भेजा है और हम हैं कि अपना कीमती जीवन ऐसे ही गंवा रहे हैं-

प्राणी तूं आयो लाहा लैन,
लगाकित कुफकड़े सब मुकट्टी चली रैन।।

इन पंक्तियों में गुरदेव फरमा रहे हैं कि ऐसे मनुष्य जो प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। वे इस संसार में आये ही क्यों? क्योंकि नाम सिमरन किए बिना यह जीवन व्यर्थ ही बीता जा रहा है। हमें मानव जीवन मिला ही इसलिए है कि हम अपना मानव जनम संवार सकें। जिसने इस जनम में हरिनाम का सिमरन नहीं किया उसका मानव जन्म पाना ही व्यर्थ है। जिस तरह एक किसान बीज ही नहीं बोना चाहता और फसल काटने की आस रखता है तो क्या वह फसल काट सकेगा। असंभव है। अतएव हमें मानव जनम को सार्थक बनाते हुए प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाए रखना चाहिए।

गुरवाणी द्वारा बार-बार इस बात को समझाया गया है कि-

हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो।
अवसर बीतियो जात है, कहा मान लियो मेरो।।

हर वक्त प्रभु परमात्मा की सिमरन भक्ति में लगे रहो ऐसा न हो कि हमने सारी उमर यह अपनी मानवदेही जो हमें बड़े भाग्य से प्राप्त हुई है को ऐसे ही विषय विकारों में गवां दें फिर इतना पछताना पड़ेगा कि जिसका बयान ही नहीं किया जा सकता। इसीलिए हर वक्त प्रभु परमात्मा की भक्ति में लगे रहना चाहिए। फिर हमारी निंदा करने वाले लोग भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। निंदा करने वाले तो हमारा भला ही करते हैं। इससे हमारे पाप धुलते जाते हैं और निंदा करने वाले के खाते में चढ़ते जाते हैं तभी तो कबीर दास जी ने समझाया है कि-

निंदओ निंदओ मोको लोग निंदओ।
निंदा करे सो हमरा मीत-निंदक मोह हमारा चीत।
जन कबीर को निंदा सार,निंदक डूबा हम उतरे पारि।।

इन निंदकों के गले में यम की फांसी लटकती रहती है। इसलिए इंसान को प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। प्रभु सिमरन करते रहने से यमराज भी हमें सजा नहीं दे पाएंगे। तभी तो गुरवाणी में हमें समझाया गया है कि-

मेरे राय राय तूं संता का संत तेरे।
तेरे सेवक को भओ किछ नाहीं जम नहीं आवे नेड़े।।

जो ना भजते नरायणा-तिनका है न करौ दरसना। इसलिए इस संसार समुंद्र से पार उतर कर प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त करने का एक मात्र तरीका है प्रभु नाम सिमरन करते रहें। प्रभु हमें अपने लोक में जगह देते हैं जहां आनंद ही आनंद की अनुभूति हमें मिलती रहेगी।

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचे धरम हदूर।
करमी आपो आपनी किया नेड़े किया दूर।।

जिस जिस ने भी प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन किया है वही उजले मुख से प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में गया है और उसी का मानव जीवन पाना सार्थक हुआ है। अतएव हर वक्त सिमरन भजन में हमें लगे रहना चाहिए तभी हम भवसागर से पार उतर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# कुदरत की मार से सहम उठा सिक्किम, बादल फटने से सिक्किम की तबाही

कहावत है कुदरत की लाठी में आवाज नही होती है, वो किस रूप में आती है इसका कोई जवाब नही है। सिक्किम में बादल फटने की घटना से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सैन्य कैम्प तबाह हुआ है तथा जवानों और 82 लोग लापता हुए है। फंसे पर्यटकों को बचाया जा रहा है। दो घण्टे में उतर सिक्किम में पानी-पानी हो गया। ग्लोबल वार्मिंग के असर के कारण नमी के कारण बारिश का आना स्वाभाविक है। अखबार ग्लोबल वार्मिंग के लिए सरकार को हमेशा चेतावनी देते रहते हैं। जलवायु पर सरकार और अन्य देश बातचीत के दौरान तालियां पीटने के बाद हमेशा के लिए भुला दिया जाता है। मोदीजी ने जी-20 के दौरान जलवायु पर लम्बी बात की थी। आफत घेरने लगती है तब उपाय सुझाया जाता है लेकिन उस समय बहुत देर हो जाती है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को दुनिया कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो ग्लेशियरों के पिघलने से आने वाले खतरे को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। सैनिकों के लापता होने और गांव पानी के बहाव में बर्बाद होने के बाद प्रशासन राहत कार्य मे लग गया है। बाढ़ का अलर्ट जारी करने के बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। ग्लेशियरों के निचले इलाकों में बनी झीलें बड़ी आपदाएं ला सकती है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ ने पूरे गांव को पानी में डूबो दिया। कुदरत के रौद्ररूप को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। गंगटोक का देश के बाकी हिस्से से संपर्क टूटने की इस आपदा को निपटने में कई दिन लग जाएंगे। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। सड़कें पल पानी में बहने के बाद सरकार की परेशानियां बढ़ती गई है जो आहत हुए हैं उनके लिए सरकार मदद की राशि मुहैया करवाई जाए। अचानक आई बाढ़ ने लोगों को खतरे में डाल दिया है। चीन सीमा पर बादल फटने से तबाही मची हुई है। चीन का बॉर्डर होने के कारण सामरिक रूप से इलाका काफी अहम है और लापता सैनिकों की। युद्धस्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 120 लोग लापता हुए है जिसकी तलाश जारी है। केंद्र द्वारा एनडीआरएफ की टीम भेजी गई है। संदेश व्यवहार का आदान प्रदान रुक गया है। सिक्किम में स्कूलों की छुट्टियां घोषित की गई है। तीन हजार लोगों को एयरलिफ्ट कर बचाया जा चुका है। कुदरत के इस रूप से सिक्किम की हालत खराब हो गई है। सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देकर उनकी मदद करे जिनका बाढ़ के बहाव में सब कुछ बह गया है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक की केन्द्रीय गृह मंत्री ने की अध्यक्षता

# हर गांव में बैंकिंग सुविधा होगी वर्ष 2024 तक : शाह



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुपोषण समाप्ति, कृषि और सहकारिता के क्षेत्र में प्रयास बढ़ाए गए हैं। ऐसा प्रयास है कि आने वाले वर्ष में देश के प्रत्येक गांव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। यह बात उन्होंने उत्तराखंड के नरेंद्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नाफेड) द्वारा सभी मक्कर उत्पादक राज्यों में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए पोर्टल पर पंजीयन करवाया जा सकता है। देश में जैविक ईंधन को बढ़ावा देने, दलहन-तिलहन के निर्यात, वित्तीय समावेश, अंतर्राज्यीय जल मुद्दों के समाधान आदि के कार्यों के लिए परिषद की स्टेंडिंग कमेटी ने प्राथमिकता से कार्य किया है। श्री शाह ने कहा कि कृषि और पशुपालन जैसी गतिविधियों से मध्य क्षेत्र, देश की जीडीपी में भी महत्वूर्ण योगदान देता है। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि देश में मातृ शक्ति को सम्मान और सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### राज्य और केन्द्र मिलकर टीम इंडिया की तरह कार्य कर रहे : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों को ताकतवर बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। इसलिए नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद और मध्य क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत उपाय किए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत की तर्ज पर आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का रोडमैप सबसे पहले मध्यप्रदेश में बना। इस पर अमल भी हुआ। राज्य और केन्द्र मिलकर टीम इंडिया की तरह कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश ने परिषद की गत बैठक के फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। उन्होंने कहा कि यह बैठक केंद्र, राज्य संबंधों और राज्यों के परस्पर संबंधों की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हुई है।

दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान

# शिवराज टिकट के लिए भाजपा पर निर्भर नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान टिकट के लिए भाजपा पर निर्भर नहीं हैं। इसीलिए वे सीधे जनता से पूछ रहे हैं कि चुनाव लड़े या न लड़े। उन्होंने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि शिवराज सिंह सीधे चुनाव लड़ना चाहते हैं और सीधे मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। वहीं उन्होंने बयान के दौरान तंज करते हुए कहा कि मोदी जी चीन को आंख दिखाना चाहते थे, वहां तो दिखी नहीं, लेकिन शिवराज जरूर लाल आंखे दिखा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बीते दिन बुधनी में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनता से सवाल पूछा था कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए कि नहीं। वहीं मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को डिंडौरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान फिर जनता के सामने अपना सवाल दोहराया और पूछा कि 'मामा को मुख्यमंत्री बनना चाहिए कि नहीं? इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि 'मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए की नहीं'? इसी से जुड़े सवाल पर पूर्व मुख्यमत्री दिग्विजय सिंह ने प्रतिकिया दी थी।

## प्रदेश में सुरक्षित नहीं बेटियां : भारती



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता विष्व विदुषी लोधी साधना भारती ने कहा है कि प्रदेश में हालत बेहद खराब हो चुके हैं, दुष्कर्म और महिला अत्याचार की घटनाएं हर रोज सामने आ रही हैं, भाजपा के शासन में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए महिला उत्पीड़न की कुछ प्रमुख घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदौर में भाजपा नेत्री के पुत्र एक नाबालिग से कुकर्म करते हैं, नाबालिग के गर्भवती होने पर इस दुष्कर्म का खुलासा होता है, इंदौर में ही एक 4 साल की बच्ची के साथ स्कूल वेन का ड्रायवर दरिन्दगी करता है, कुछ ही दिन पहले महाकाल की नगरी उज्जैन में एक नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना सामने आई। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक दुष्कर्म पीड़िता को मेडिकल के लिए 5 घंटे तक अस्पताल प्रशासन ने यहां से वहां घुमाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता भारती ने इन सब मामलों में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य व्यवस्था, कुपोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर भी भाजपा सरकार पर सवाल उठाए।

## सप्रे संग्रहालय की नवकृत वेबसाइट और सौर ऊर्जा पैनल का शुभारंभ आज

**भोपाल, देशबन्धु।** सप्रे संग्रहालय द्वारा इतिहास की प्रमाणिक कड़ियों को जोड़ने वाले 25 लाख पृष्ठों का डिजिटाइजेशन, सप्रे संग्रहालय की दो लाख प्रविष्टियों वाली नवकृत वेबसाइट और 10 केवी. सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना का शुभारंभ 9 अक्टूबर रविवार को सुबह साढ़े 10 बजे राज्यपाल मंगूभाई पटेल के करकमलों से होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा-

# भाजपा ने नहीं बांटी रेवड़ियां, सामाजिक उत्थान किया



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि भाजपा सरकार में कोई भी ऐसा वर्ग नहीं जो विकास से अछूता रहा हो, उन्होंने हाल ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लोक लुभावन योजनाओं पर केन्द्र और मप्र सरकार से मांगे गए जवाब के प्रकाश में कहा कि भाजपा ने रेवड़िया नहीं बांटी बल्कि सामाजिक उत्थान किया है।

श्री पटेल ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए उच्च न्याललय के हस्तक्षेप को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में जिस प्रकार से सरकारी धन के बारे में दुरूपयोग की चर्चाएं होती हैं उस पर विमर्श होना चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि अगर न्यायपालिका इस संवाद को शुरू करती है तो आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था व उसके प्रगति की गति और बेहतर होगी। उन्होंने जल जीवन मिशन और शौचालय निर्माण को महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों को महिला सशक्तिकरण का सर्वोच्च उदाहरण बताया। श्री पटेल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने भी इन दोनों योजनाओं के आी कर आकलन कर भारत सरकार की तारीफ की है।

### भाजपा ने पिछड़ा वर्ग के 3 मुख्यमंत्री दिए

एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समुदाय को प्रताड़ित करने वाली कांग्रेस आज पिछड़ा वर्ग का राग अलाप रही है। कांग्रेस ने जितने वर्ष देश में राज किया, उससे भी कम समय से भाजपा सरकार में हैं, फिर भी हमारी पार्टी ने जितना काम पिछड़ा वर्ग समुदाय के लिए किया, उतना कांग्रेस कभी नहीं कर पाई। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को एक भी पिछड़ा वर्ग मुख्यमंत्री नहीं दिया, जबकि भाजपा ने पिछड़ा वर्ग से सुश्री उमा भारती, स्व. बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बनाकर बनाया है।

कांग्रेस नेता पर किया पलटवार बोले

### अजय सिंह पर राहुल नाम का असर

श्री पटेल ने कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि अजय सिंह राहुल ने नरसिंहपुर में कहा था कि प्रहलाद पटेल कोयला मंत्री थे तब कोयला घोटाले में शामिल थे। इस बात पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया, लेकिन वह वीडियो मैंने देखा, मेरे छोटे भाई ने उन्हें नोटिस जारी किया है। लेकिन, मैं चाहता हूं कि कांग्रेस तथ्यों से कितने परे रहती है। अजय सिंह के साथ में जो नाम जुड़ा है राहुल, मुझे लगता है कि उसी राहुल नाम का असर है कि वे इस सीमा तक चले गए। उन्होंने कहा कि 2005 से 2009 के बीच में जो कोयला घोटाला हुआ, उस पर कैग ने 2012 में सारी रिपोर्ट दी थी और जिस समय यह घोटाला हुआ उस समय मैं 2004 से लेकर 2014 तक सांसद भी नहीं था, मंत्री तो दूर की बात है।

कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों को लेकर हुआ मंथन

# मप्र के लिए 140 नाम तय, नवरात्रि में आएगी पहली सूची



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 140 नाम तय कर लिए हैं। इनमें ज्यादातर मौजूदा विधायकों के अलावा हारी सीटों पर उतारे जाने वाले प्रत्याशी शामिल हैं। लेकिन पार्टी पितृपक्ष के बाद नवरात्रि में सूची जारी करेगी। बताया जाता है कि इससे पहले एक और बैठक होगी। जिसमें बाकी प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की जाएगी।

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आज मप्र के लिए प्रत्याशी चयन को लेकर केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और आदिवासी नेता और विधायक ओमकार सिंह मरकाम शामिल हुए। बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा कि चुनाव समिति में हमने बहुत सारी नामों पर चर्चा कर ली है। हम अगले 6 से 7 दिन में अंतिम फैसला करेंगे। आज की बैठक में सभी के सुझाव सुल लिए गए हैं। इस आधार पर फैसला लेने के लिए एक और बैठक होगी। वहीं पार्टी सूत्रों का कहना है कि बैठक में 140 नाम तय कर लिए गए हैं।

### कमलनाथ होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

मप्र में कमलनाथ मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस सवाल पर कहा कि प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष हैं, वह स्वाभाविक रूप से कांग्रेस का चेहरा हैं।

हालांकि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं किया है, लेकिन अगर पार्टी चुनाव में बहुमत हासिल करने में कामयाब होती है तो कमलनाथ को सबसे आगे माना जा रहा है। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह भी मुख्यमंत्री पद के लिए कमलनाथ का समर्थन कर चुके हैं।

महिला मोर्चा सोशल मीडिया की कार्यशाला में बोले वक्ता

# विपक्षी नेताओं की अमर्यादित टिप्पणी का जवाब देगा मोर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा विपक्षी दलों के नेताओं की अमर्यादित टिप्पणी का भाजपा महिला मोर्चा तथ्यों के साथ जवाब देगा। वह आज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा सोशल मीडिया की कार्यशाला में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओ से कहा कि महिला मोर्चा केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीति के साथ विकास कार्यों को विस्तार से जनता के बीच लेकर जाएं।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने कार्यशाला में मोर्चा के आगामी कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नेता झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। उन सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा तथ्यों के साथ जवाब देगा। कार्यशाला में सोशल मीडिया प्रभारी सुश्री माधुरी सावले, पार्टी के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा, चुनाव व्यवस्था समिति के सह प्रमुख डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय सह संयोजक सुश्री सुचित्रा कक्कड़ ने सोशल मीडिया के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला का संचालन सुश्री शिवानी अड़सड़पूरकर एवं आभार सह प्रभारी सुश्री कविता डाबी ने माना। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री श्रीमती माया पटेल सहित मोर्चा की अन्य महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## मसूद ने की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े मुस्लिम चेहरों में शुमार इमरान मसूद ने आखिरकार फिर से कांग्रेस पार्टी में घर वापसी कर ली हैं। बसपा से निष्कासित होने के बाद नए राजनीतिक ठिकाने की तलाश में लगे थे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय तथा पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सचिव प्रमोद नरवाल की मौजूदगी में श्री मसूद ने यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इमरान मसूद पिछले साल यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा भाव ने मिलने के बाद वे बसपा में शामिल हो गए थे। लेकिन हाल ही में मसूद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा था कि वही भाजपा को रोक सकते हैं। जिसे बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी विरोधी गतिविधि करार देते हुए उन्हें बसपा से निष्कासित कर दिया था। हालांकि मसूद राष्ट्रीय लोकदल में भी अपने लिए संभावना तलाश रहे थे, लेकिन पार्टी मुखिया जयंत चौधरी से उनकी बात बन नहीं पाई तो उन्होंने कांग्रेस में वापसी की फैसला लिया आज वे विधिवत पार्टी में शामिल हो गए। माना जा रहा हैकि कांग्रेस उन्हें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बना सकती है।

## संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित कराएं : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के उपरांत संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत 24 घंटे, 48 घंटे एवं 72 घंटे में की जाने वाली कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने विधानसभा वार समीक्षा कर निर्वाचन घोषणा से पूर्व मतदाता सूची के शेष मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले आवेदन तथा फार्म 8 के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इस कार्य की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की एसएसटी के लिए जिन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है वह ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने फसल गिरदावरी की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने फसल गिरदावरी में गति लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

सर्वोच्च अदालत ने की अहम टिप्पणी

# 'महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील हो अदालतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला अपराधों से जुड़े मामलों में सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई के दौरान संवेदनशील होना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया था। साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति और उसकी मां द्वारा अपनी पत्नी के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने की सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। बता दें कि पीड़ित पत्नी की जहर के कारण मृत्यु हो गई थी। अपील खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अदालतों से यह उम्मीद की जाती है कि अदालतें अपराधियों को प्रक्रियात्मक अपूर्ण जांच या सबूतों में कमियों के कारण सजा से बचने नहीं देंगी। अगर ऐसा होगा तो पीड़ित पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे कि अपराधियों को सजा नहीं मिलेगी।

शीर्ष कोर्ट ने यह फैसला उत्तराखंड हाई कोर्ट के मार्च 2014 के आदेश को चुनौती देने वाली दो दोषियों की अपील पर दिया है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत के फैसले को कायम रखा था। निचली अदालत ने 2007 में दर्ज मामले में मृतका के पति और सास को दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने मृतका के पति बलवीर सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 498-ए (एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था। साथ ही मृतका की सास को आईपीसी की धारा 498-ए (किसी महिला के पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) के तहत दोषी ठहराया गया था। शीर्ष अदालत में दी गई दलीलों के मुताबिक, मृतका का विवाह दिसंबर 1997 में बलवीर सिंह से शादी की थी। वहीं, जून 2007 में, उसके पिता ने एक मजिस्ट्रेट अदालत में एक आवेदन दायर किया था जिसमें मई 2007 में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी बेटी की मौत के संबंध में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। बाद में मामले में एफआईआर दर्ज की गई और महिला के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया। सुनवाई के दौरान दोनों ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। ट्रायल कोर्ट में दोषी ठहराए जाने पर दोनों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहीं, हाईकोर्ट ने भी उनकी दोषसिद्धि की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मौत का कारण जहर था।

## एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति ने बढ़ाया कर्मचारियों का मानदेय

**इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में जनभागीदारी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि हो गयी है। आज कालेज सभागार में हुई जनभागीदारी समिति की बैठक में कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन की अध्यक्षता में में हुई बैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि, नगर पालिका इटारसी अध्यक्ष पंकज चौरे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति की सचिव एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने विधायक डॉ. शर्मा एवं अध्यक्ष डॉ. जैन का महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी, एमए संस्कृत, बीए संगीत, बीबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ कराने में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय में अधोसंरचना एवं शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जिससे महाविद्यालय का अधोविकास एवं शैक्षणिक विकास तीव्र होगा। जनभागीदारी समिति ने विधायक डॉ. शर्मा की प्रेरणा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन की सहर्ष सहमति से जनभागीदारी कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि की गई, इससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की महती योजना मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अन्तर्गत अध्ययन-अध्यापन हेतु 11 लाख के संस्थापित 03 इंटरेक्टिव बोर्ड का विधायक द्वारा कम्प्यूटर का बटन दबाकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।


# कार्यालय नगर परिषद
## बल्देवगढ़ जिला - टीकमगढ़ (म.प्र)

क्रमांक /2780/ न.परि./ निर्माण/ 2023 बल्देवगढ़, दिनांक 05.10.2023

## ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_315581_1 06.10.2023 | निकाय क्षेत्रान्तर्ग निषादराज पार्क में अतिरिक्त कार्य का निर्माण कार्य । | 2677839/- 6 माह | 5000 20083 | 08.11.2023 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बल्देवगढ
जिला - टीकमगढ़ (म.प्र)

# मध्यान्ह भोजन में धांधली, मीनू अनुसार नहीं दे रहे भोजन





## मिडवाली में बच्चे धो रहे थाली



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मिडवाली में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को वितरण होने वाले मध्य भोजन में समूह संचालक द्वारा शाला प्रबंधन से सांठगांठ कर मध्यान्ह भोजन में धांधली कर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को मीनू अनुसार भोजन नहीं परोस कर समूह माफियाओं द्वारा घटिया भोजन परोसा जा रहा है। इन स्कूलों में मध्य भोजन बनाने के लिए किचन होने के बाद भी समूह संचालकों द्वारा अपने-अपने घर से मध्य भोजन बनाकर लाया जाता है। शासन द्वारा सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब छात्र-छात्राओं को हर दिन बदल-बदल कर पोस्टिक भोजन वितरण करने के लिए मध्यान्ह भोजन योजना शुरू की थी। लेकिन समूह माफियाओं और अधिकारियों की मिली भगत के चलते शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को पतीला लगाया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा समूह माफिया पर कार्यवाही नहीं करने से समूह संचालकों की मनमानी लगातार जारी है। हटा संकुल की प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मिडवाली में समूह माफिया द्वारा छात्र-छात्राओं को मीनू अनुसार मध्यान भोजन वितरण नहीं होने की शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की थी। इसके बाद भी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा न इन शालाओं का निरीक्षण किया गया। और न ही मध्यान्ह भोजन की जांच की गई है। यही कारण है कि समूह संचालक और शाला प्रबंधन हौसले बुलंद है। और बच्चों को आ स्वादिष्ट घटिया भोजन भरोसा जा रहा है। फिलहाल बीआरसीसी राहुल त्रिपाठी ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### सुकरत खेरा में धांधली

शासकीय प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) में लगभग 140 छात्र-छात्राएं दर्ज है। लेकिन स्कूल 5 छात्र-छात्राएं उपस्थित हो रहे हैं। इन छात्राओं के लिए जय मां शारदे महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। स्कूल में किचन होने के बाद भी समूह संचालक द्वारा अपने घर से खाना बनाकर लाया जाता है। मीनू को हवा में उड़ा कर केवल दाल चावल ही छात्राओं को परोसा जा रहा है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यहां प्रतिदिन दाल चावल ही दिए जाते हैं। खीर पुडी हरी सब्जी पराठे तो कभी देखने को भी नहीं मिलते हैं। जब सर से कहते हैं तो सर हम पर ही नाराज होते हैं। और सर भी 12 बजे आते हैं और 2 बजे टीकमगढ़ चले जाते हैं।

### समय से पहले चले जाते हैं शिक्षक शिक्षा व्यवस्था हो रही चौपट

शासकीय प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) में शिक्षकों के समय पर स्कूल नहीं आने और समय के पहले स्कूल बंद कर चले जाने के कारण स्कूल में दर्ज 140 छात्राओं का भविष्य अंधकार में डूब रहा है। यहां शिक्षक 12 बजे स्कूल पहुंचते हैं। और 2,30 बजे स्कूल से चले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में पदस्थ सतीश कुमार खरे 8 दिन में एक दिन ही स्कूल पहुंचते हैं और रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। वहीं शिक्षक पुष्पलता और परशुराम गौड़ 12 बजे स्कूल पहुंचते हैं। और 2,30 बजे स्कूल से चले जाते हैं। केवल जमुना प्रसाद सौर ही स्कूल में 4रू00 बजे तक रुकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन लाखों रुपए की वेतन पाने वाले शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने से एवं मनमानी के चलती गांव में शिक्षा का स्तर लगातार खराब होता जा रहा है।

### इनका कहना है

इन स्कूलों में मीनू अनुसार मध्यान भोजन नहीं मिलने एवं समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचने की शिकायत पर नोटिस जारी कर चुके हैं। जांच करवा लेते हैं जांच के बाद निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी

राहुल त्रिपाठी
बीआरसीसी बल्देवगढ़

में स्वयं जाकर ही इन स्कूलों की जांच करुंगा जांच के बाद निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी

एमके अहिरवार
विकासखंड शिक्षा अधिकारी बल्देवगढ़

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मिडवाली में 208 छात्र-छात्राएं दर्ज है। जिसमें से करीब 100 बच्चे ही स्कूल में उपस्थित हो रहे हैं। जिन्हें दो महिला स्व सहायता समूह को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन वितरण करने की जिम्मेदारी है। लेकिन यह समूह माफिया इन छात्र-छात्राओं के निवाले पर डाका डाल रहे हैं। और इन मासूम छात्राओं को पतली सी दाल और पतली पतली दो रोटी परोस रहे हैं। जिससे बच्चों को भूखे पेट ही पढ़ाई करनी पड़ रही है और तो और इन्हीं बच्चों को खाना खाने के बाद थाली धोनी पड़ रही है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रतिदिन दाल रोटी ही दी जाती है हरी सब्जी पराठे तो कभी देखने को ही नहीं मिलते हैं। जब हमारी टीम ने शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मिडवाली पहुंची, तो देखा कि बच्चों को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जा रहा है। शनिवार को मीनू अनुसार इन छात्राओं को हरी सब्जी और आलू के पराठे वितरण किए जाने थे। लेकिन प्राथमिक शाला सुकरत खेरा (एरौरा) केवल दाल चावल वितरण किए गए और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मिडवाली पतली सी दाल और दो रोटी ही परोसी गई थी। खाना खाने के बाद छात्र-छात्राएं ही थाली धो रहे थे। जब इस संबंध में स्कूल प्रबंधन से पूछा तो उनका कहना था समूह संचालक अपनी मनमानी से ही घर से खाना बनाकर लाते हैं।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रबुद्धजन ने सम्मेलन को किया संबोधित, कहा-

# देश में स्वस्थ समाज का सपना साकार हो रहा है

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय शहनाई गार्डन में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, व्यापारी वर्ग व वरिष्ठ नागरिक साहित आमजन सम्मिलित हुए। प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है, लोगों का जीवन स्तर सुधार की ओर है व भारतीय जनता पार्टी की सरकार, मोदी सरकार में स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार कार्य कर बेहतर स्वस्थ्य समाज का सपना साकार हो रहा है। पिछली कांग्रेस की सरकारों में वैक्सीन को लेकर चाहे पोलियो का टीका हो या टिशनिस का टीका रहा हो, सालों बाद हम तक पहुंच पाया है। लेकिन मोदी सरकार भाजपा सरकार में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कोरोना जैसी महामारी में स्वयं का वैक्सीन निर्माण कर पीपीटी किट निर्माण कर सारी दुनिया को निर्यात किया है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने स्वयं वैक्सीन लगवा कर पूरे देश में भ्रम फैलाने का काम किया। राम मंदिर में लोगों की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ कर कांग्रेस सरकार ने राम मंदिर के सबूत मांगें। आज भाजपा सरकार मोदी सरकार में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने जा रहा है और जनवरी में इसका उद्घाटन होगा। इसमें पावन नगरी अयोध्या में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। आज आयुष्मान कार्ड जैसी सैकड़ों योजनाओं से समाज में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है और वह व्यक्ति राष्ट्र हित अपना योगदान दे पा रहा है। पिछली कांग्रेस सरकार में 2जी स्पेक्ट्रम जैसे अनेक बड़े-बड़े घोटाले हुए उनका खुद मानना था कि जनता तक उनके द्वारा पहुंच गए। पैसों का मात्र अंश मात्र ही लोगों तक पहुंच पाता है, परंतु आज भाजपा सरकार मोदी सरकार में सिंगल क्लिक से 1000 खातों में पहुंचते हैं, तो गरीब व्यक्ति तक पूरे 1000 रुपए पहुंच जाते है। आज गरीब तबके का व्यक्ति भी अपने सपने साकार कर वैश्विक मंच पर अपना कौशल दिखा पा रहा है। यह सब संभव आज मोदी सरकार भाजपा सरकार में हुआ है। प्रबुद्ध जन कार्यक्रम में मंच पर पूर्व प्राचार्य महाविद्यालय डॉ आर पी तिवारी, प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के संयोजक उस्ताद ठगन, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सीएल कुमार, मंत्री राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, कार्यक्रम संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा रीतेश भदौरा, जिला महामंत्री अश्विनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे रानू, वरिष्ठ भाजपाई नेता अशोक गोयल, वीरेंद्र सिंधई, डॉ बीके राय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव, प्रतेंद्र सिंधई, शक्ति राय, शोभरन कुशवाहा, जनमेजय तिवारी, विकास यादव, मुन्ना लाल साहू, अनीश खान, आभार व्यक्त व झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संयोजक नीरज कुमार, नरेश तिवारी, आदित्य योगी, प्रशांत शुक्ला, अंकित तिवारी, जितेंद्र जैकी यादव, अशोक मेडी राय, रामनरेश यादव, महिला शक्ति में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, रश्मि गोयल, पूनम अग्रवाल, पूनम परमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन बंधु व मीडिया कर्मी उपस्थिति रहे।



# कायस्थ महासभा ने किया मेजर जनरल श्याम शंकर श्रीवास्तव का सम्मान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम शंकर श्रीवास्तव जिले के प्रवास के दौरान ताल दरवाजा स्थित श्री 108 चित्र गुप्त मंदिर पहुंचे और भगवान के दरबार में पूजा अर्चना की तदोपरांत मुरारी लाल श्रीवास्तव व प्रदीप खरे ने माला पहनाकर स्वागत किया। वरिष्ठ जन रवि खरे व अरुण खरे द्वारा शाल श्रीफल भेंट किया गया। मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित विभा श्रीवास्तव मीरा खरे व शिल्पा खरे द्वारा कनक भगवान दरबार का चित्र भेंट किया गया। इसके वाद जनरल श्याम सुंदर श्रीवास्तव ने कयस्थजनों की सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में बुद्ध जीवी कायस्थ समाज को एक जुट होकर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश की सर्व समाज के विकास और निर्माण में कायस्थ समाज सदियों से अग्रणी रहा है। स्वामी विवेकानंद, डॉ राजेंद्र प्रसाद,लाल बहादुर शास्त्री से लेकर अमिताव बच्चन जैसी शख्सियत सर्व समाज के विकास के लिए कायस्थ समाज की देन है। हम सब एक जुट रहकर देश और सर्व समाज के कल्याण में महती भूमिका अदा कर सकते है। कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांत प्रमुख ने अपने अल्प उद्बोधन में कहा की चाहे, राजनीति का क्षेत्र हो, चाहे खेल, सुरक्षा, शिक्षा, विज्ञान और बलिदान का कायस्थ समाज ने हर जगह अपना परचम लहराया है और अपनी बुद्धिमत्ता और बलिदानों से हर जगह निर्माण का काम किया है। इस अवसर पर श्रीमती विभा श्रीवास्तव, मीरा खरे, शिल्पा खरे, कार्तिक खरे, हेमंत श्रीवास्तव, अभिषेक खरे, राजेश खरे, अजय खरे, मुकेश खरे, सतीश खरे, अरुण खरे, मोहित खरे, विनय खरे, प्रतीक खरे, शुभ्रांत खरे, विकास श्रीवास्तव, शोभित खरे, ऋषभ खरे, सौरभ श्रीवास्तव, एकांश खरे, मोहित खरे, कायस्थ समाज के सम्मानित जन रवि खरे, अरुण खरे, मुरारी लाल, प्रदीप खरे विशेष अतिथि सतीश खरे, अभिषेक खरे एवं अन्य महासभा के सदस्य एवं कायस्थजन उपस्थित रहे।

# रेल मंत्री से की भोपाल-खजुराहो के बीच नई ट्रेन चलाने की मांग

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़-छतरपुर के लोगों को एक ही दिन में प्रदेश की राजधानी भोपाल आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिये भाजपा नेता विकास यादव ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय भोपाल में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और ज्ञापन पत्र सोपा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को दिए ज्ञापन पत्र में भाजपा नेता विकास यादव ने कहा है कि टीकमगढ़-छतरपुर के आमजन के लिये भोपाल जाने हेतु वर्तमान में संचालित 22163/22164 भोपाल-खजुराहो महामना की तर्ज पर एक नई खजुराहो-भोपाल महामना शुरू कराई जाये क्योंकि वर्तमान में संचालित भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस के रात्रि में भोपाल पहुँचने से प्रदेश के पिछड़े जिले टीकमगढ़-छतरपुर के लोगों के सामने रात्रि में ठहरने की विकराल समस्या खड़ी हो जाती है, जिससे लोगों के धन और समय दोनों की बर्बादी होती है। लम्बे समय से एक ऐसी ट्रेन की माँग इस क्षेत्र के लोगों द्वारा की जा रही है जो प्रातः 5 बजे खजुराहो से चलकर 11 बजे भोपाल पहुँचे और शाम को 6 बजे भोपाल से चलकर रात्रि 12 बजे तक टीकमगढ़-छतरपुर के लोगों को वापिस छोड़ती हुई खजुराहो लौट आये। गौरतलब है कि क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार एवं विगत 5 अगस्त को टीकमगढ़ प्रवास के दौरान केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा नेता विकास यादव द्वारा पत्र सौंपकर खजुराहो-भोपाल के बीच एक ही दिन में आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिये नई ट्रेन शुरू कराने पत्र सौंपा गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया ने भी रेलमंत्री को पत्र लिखा है। रेल मंत्री द्वारा आश्वासन मिलने के बाद भाजपा नेता विकास यादव ने जल्द ही भोपाल-खजुराहो के बीच नई ट्रेन शुरू होने की आशा व्यक्त की है साथ ही उन्होंने खजुराहो झांसी मेमू ट्रेन की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मेमू ट्रेन के जारी हुए टाइम टेबल में परिवर्तन कर प्रातः 7 तक ललितपुर पहुंचाने की मांग की है, ताकि भोपाल के लिए ट्रेन पकड़ सके।



## वार्ड का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता : मुकेश यादव

### प्रधानमंत्री आवास का किया भूमि पूजन

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर परिषद अंतर्गत आने वाली वार्ड क्रमांक 7 में हितग्राही रमेश राय के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किए जा रहे निर्माण का भूमिपूजन पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव एवं गुलाब आदिवासी के द्वारा किया गया। समस्त वार्डवासियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने कहा कि वार्ड क्रमांक 7 के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि समूची वार्ड का विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने वार्ड का जायजा लेते हुए लाइट व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी वार्ड वासियों से हासिल करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। मौके पर उपस्थित महिलाओं से उन्होंने लाडली बहना योजना अंतर्गत राशि की उपलब्धता की जानकारी हासिल की। वार्ड वासियों के कहने पर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने तत्काल नालियों में ब्लीचिंग दवा डलवाकर सफाई कर्मियों के द्वारा नालियों को साफकरवाया।

# मजदूरों की जगह जेसीबी से पंचायत में हो रहे कार्य

**बल्देवगढ़,देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेरी खास के सरपंच एवं सचिव द्वारा मनरेगा योजना जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य को कराकर फर्जी मजदूरों के नाम मास्टर जारी कर शासन की राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। दरअसल ग्राम पंचायत चंदेरी में मनरेगा योजना से 3 लाखों रुपए की लागत से ड्गपोंड का निर्माण कार्य सुनका बाबा के पास किया गया है।

इस डग पॉइंट के निर्माण पर लगभग 2 लाख 20 हजार रुपया का भुगतान मजदूरों के नाम किया जाना था। लेकिन। इस डग पॉइंट को 2 मजदूरों ने महज 12 दिनों में पूर्ण कर दिया गया था। 3 माह पलहे पूर्ण हो चुके निर्माण कार्य पर अब सरपंच सचिव फर्जी मास्टर जारी किए जा रहे हैं।

इस फर्जीबाड़े को लेकर 4 सितंबर के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर मामले को उजागर किया था। जिसके बाद जनपद सीईओ ने जांच आदेश जारी किया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारियों द्वारा जांच नहीं की गई और यही कारण है। कि अब इस डग पॉइंट निर्माण कार्य पर सरपंच सचिव द्वारा फर्जी मजदूरों के नाम मास्टर जारी कर राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच सचिव द्वारा मनरेगा योजना होने वाले निर्माण क जेसीबी मशीन की मदद से कराए जाते हैं। इस निर्माण कार्य को जेसीबी मसीन से पूर्ण किया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जनपद सीईओ से की थी है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामों में पानी के ठहराव एवं मजदूरों को ग्राम में ही मजदूरी देने के लिए अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए लाखो रुपए की राशि मनरेगा योजना से स्वीकृत करती है। जिससे ग्रामीणों को पानी के संकट में कुछ हद तक राहत मिल सके मजदूरों को गांव में मजदूरी मिल सके। लेकिन शासन की उसी राशि का जिम्मेदारों द्वारा जमकर फायदा उठाया गया। मजदूरों के नाम पर शासन द्वारा दी गई राशि सरपंच सचिव द्वारा फर्जी मास्टर रोल जारी कर। ठिकाने लगा दिया जाता है और निर्माण कार्य आखिरकार अनुपयोगी ही साबित होता नजर आता है। ग्राम पंचायत चंदेरी के सरपंच, सचिव द्वारा सहित अधिकारियों की मिलीभगत से डगपॉइंट के निर्माण को जेसीबी मशीन से पूर्ण कराया गया है।



### इनका कहना है-

इस मामले में पहले ही जांच आदेश जारी किया है अगर जांच हुई नहीं तो कल जानकारी करता हूं यह संभव नहीं की 3 लाख का काम केवल दो मजदूर कर दें। अगर ग्राम पंचायत चंदेरी में जेसीबी मशीन से कम हुआ है तो उसकी जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी

**प्रभास राज घनघोरिया**
जनपद सीईओ बल्देवगढ़

# सरकारी अस्पताल से डॉक्टर नदारद, बिना उपचार वापस लौट रहे मरीज



**पन्ना, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय में लगातार मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही एवं मौसमी बीमारी भी तेजी से फैल रही है शहर एवं अंचल में वायरल मरीजों के साथ साथ टाइफाइड और डेंगू के मरीज भी लगातार बढ़ते जा रहे है। जिसकी वजह से अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर समय पर नहीं आ रहे हैं, जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को ईलाज नही मिल पा रहा है। दर असल वायरल और अन्य बीमारियों के चलते पूरा शहर ही चपेट में है, टाइफाइड के तो सैकड़ों मरीज मिल चुके हैं वहीं डेंगू के भी मरीज मिल चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जा रहा है। यहां तक की डॉक्टर तक समय पर नहीं आ रहे हैं। डॉक्टरों के चैंबर खाली पड़े रहते हैं। दूर दराज एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने मरीज बिना ईलाज के ही वापिस घर लोट जाते है। जानकारी होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन गंभीर नहीं हो रहा है। जिले के अस्पताल की चरमराई स्वास्थ व्यवस्थाओं का जिम्मेदार सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स ही बन रहे हैं। जहां डॉक्टर्स सरकारी अस्पतालों में समय बिताने के बजाय अपना निजी क्लीनिक खोलकर अधिकतर समय निजी क्लीनिक में ही बीता रहे हैं। जिससे सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाये चौपट हैं।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# देशी रिवालवर और कारतूस के साथ आरोपी को पकड़ा

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा अवैध हथियार पर अंकुश लगाने एवं फरार आरोपियो की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कोतवाली पुलिस द्वारा खजरी मुहल्ला दमोह में बारदात करने के उद्देश्य से छकड़ी ( देशी रिवालवर) लिये घूम रहे आरोपी अंकेश पिता सुरेन्द्र राय उम्र 19 साल निवासी खजरी मुहल्ला दमोह को पकडकर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी एवं थाना कोतवाली के अपराध क्र. 434/23 धारा 392, 394, 367 ताहि. 3(2)5, एससी/एसटी एक्ट का घटना दिनाँक से फरार 2000 रूपये का इनामी आरोपी नितिन पिता पंचम सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष



निवासी सिविल वार्ड 4 पसारी डॉक्टर के सामने दमोह को गिरफ्तार किया गया। कार्य करने वाले निरी, विजय राजपूत, उनी, योगेन्दर गायकवाड सउनि रमाशंकर प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, राजकुमार बिदैल्या पंकज अहिरवार, सौरभ शंकर राकेश अठ्या, संजय पाठक, सूर्यकांत पांडे, कामता आरक्षक आलोक देबेन्द्र की भूमिका रही।

# लीनेस मैत्री क्लब ने किया दरिद्र नारायण भोज का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा भव्य रूप में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। मैत्री क्लब दमोह द्वारा किसान भवन स्थित में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। जिसमे क्लब के सभी सदस्य शामिल हुए। नारायण रूप में आए बहुत भारी संख्या में जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से सभी मेंबर ने भोजन आग्रह करते हुए परोसा इस पुण्य मौके पर अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा कि यह आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद और असहाय लोगों को भरपेट भोजन कराना है। कार्यक्रम में ज्योति बग्गा रिमी जुनेजा सारिका टंडन दीप्ति श्रीवास्तव सपना राजपूत आदि की उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य मेला: मोतियाबिंद जांच की गई

**दमोह देशबन्धु।** आयुष्मान भवः कार्यक्रमअ के तहत हैल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में नेत्र विकार से जुड़ी परेशानियों एवं गर्भावस्था दौरान देख-भाल तथा शिशु स्वास्थ्य केन्द्रित थीम पर हैल्थी एण्ड वेलनेस सेंटर में हैल्थ मेला लगाया गया। मेला के दौरान सीएचओ द्वारा परामर्श दिया गया कि मोतियाबिंद के कारण होने वाली दृष्टिहीनता को समय पर ऑपरेशन कराकर रोका जा सकता है। हितग्राहियों को बताया गया कि सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा निरूशुल्क उपलब्ध है। मेला में पहुंचे हितग्राहियों को मल्टीविटामिन व आयरन टेबलेट का वितरण कर दिनचर्या में विटामिन ए से भरपूर फल पपीता का सेवन करने की समझाईश दी गई। पथरिया के सरखड़ी हैल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में सीएचओ पूजा पटैल द्वारा मेले में पहुंचे 40 लोगों के नेत्र परीक्षण के दौरान उनमे से 03 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये, जिनकी शुगर एवं बीपी की जांच सामान्य पाये जाने पर ऑपरेशन के लिये रिफर किया गया। धुंधलापन की शिकायत वाले 06 मरीजों को मल्टीविटामिन एवं आयरन की टेबलेट दी गई। साथ ही एनीमिया



जांच दौरान हीमोग्लोबिन का स्तर 02 महिलाओं में कम पाये जाने पर उन्हें आयरन सूक्रोज भी लगाया गया। ऑखों की बेहतर देख-भाल के लिये विटामिन ए से भरपूर पपीता के अलावा मौसमी फलों के सेवन की सलाह दी गई। इस दौरान ग्राम की आशा कार्यकर्ता सीमा, शशि पटैल, मौजूद रही ।

हैल्थ मेला के दौरान सघन मिशन इन्द्र धनुष 5.0 तृतीय चरण 09 से 14 अक्टूबर दौरान 05 वर्ष तक के बच्चों को ग्राम में स्थापित टीकाकरण सत्र में लाने का संदेश देते हुये मेला में पहुंचे हितग्राहियों को टीकाकरण के महत्व के बारे में समझाईश दी गई । बताया कि 0 से 02 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है एवं 05 साल तक के ऐसे बच्चे जिन्हें जानलेवा बीमारी खसरा (मीजल्स) से बचाव के 02 टीके नहीं लगे हैं ऐसे बच्चों की जानकारी मिलने पर उन्हें टीकाकरण केन्द्र में लाकर टीकाकरण अवश्य करायें, जिससे बच्चें स्वस्थ रहें बीमारी की चपेट में न आ पायें ।

# चलित न्यायालय लगाकर 85 अनावेदकों के विरुद्ध की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के निर्देशन में विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए थाना कोतवाली में तहसीलदार मोहित जैन द्वारा चलित न्यायालय लगाकर के 107- 116, 110 एवं 151 के मुजरिमों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए परिशांति कायम रखने के लिए मुचलका भरवाये गए। इस अवसर पर 85 अनावेदको के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। ज्ञात हो की आगामी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता कुछ समय पश्चात लगने वाली है। विधानसभा चुनाव में परी शांति कायम रखने के लिए एवं सदाचार बनाए रखने के लिए सभी लोगों से शांति कायम रखे जाने की पहल के अंतर्गत शहर में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित ना हो सके। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक में चलित न्यायालय लगाकर अधिक से अधिक बाउंड ओवर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत आज थाना कोतवाली में विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में एसडीएम दमोह आर एल बागड़ी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, दमयंती नगर तहसीलदार मोहित जैन एवं थाना प्रभारी विजय राजपूत सहित राजस्व एवं पुलिस का अमला मौजूद रहा।




# कुष्ठ रोगियों का पता लगाने खोजी दल घर-घर देंगे दस्तक



**दमोह देशबन्धु।** दमोह शहरी क्षेत्र की आशाओं एवं स्वयंसेवकों को जिला प्रशिक्षण केंद्र में 16 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान का प्रशिक्षण जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी के निर्देशन में दिया गया। प्रशिक्षक बीएम दुबे ने बताया कि हमें कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली हुई भ्रांतियां को दूर करना होगा, कुष्ठ रोग पूर्व जन्म के पापों का फल नहीं है, यह रोग माइको बैक्टीरियम लेप्री नामक बैक्टीरिया के द्वारा होता है तथा बहु औषधि उपचार से यह रोग ठीक हो जाता है। चमड़ी के रंग से फीका, बदरंग, पीला या गुलाबी दाग धब्बा जिसमें दर्द, चुभन, ठंडा या गरम का अनुभव नहीं होता है, हाथ पैर में झुनझुनी, सतही तांत्रिकाओं में मोटापा, सूजन तथा दर्द का होना कुष्ठ रोग के लक्षण है। कुष्ठ सुपरवाइजर रतन सिंह ठाकुर ने इस अभियान के उद्देश्य एवं सर्वे के बारे में बताया, एनएमए जीपी अहिरवार ने प्रपत्रों एवं मार्किंग के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मनीष पांडे एवं शहरी आशाओं की मौजूदगी रही।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई



**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ सत्यम पैलेश तिराहा पर वाहन चैकिंग लगाकर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालको को टार्गेट कर चालानी कार्यवाही की गयी। चैकिंग दौरान 1 पिकप एवं 2 मोटर साईकिल चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा.185 के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर थाना सुरक्षार्थ रखे, प्रकरण तैयार कर न्यायालय पेश किये जाएगे। वाहन चैकिंग दौरान 10 वाहन चालक अन्य यातायात नियमों का उल्लघंन करते पाये गये। जिन पर चालानी कार्यवाही कर 3000 रूपये समन शुल्क बसूला गया। वाहन चैकिंग के दौरान सूबेदार ज्योति दुबे, आमोद तिवारी, मोहम्मद सखी हासमी, कमलेश सिंह का योगदान रहा।

# स्थाई कर्मी कल्याण संघ की हटा में बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर द्वारा हटा में रविवार को लोक निर्माण विभाग उप संभाग हटा में कार्यरत स्थाई कर्मी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई सर्व सहमति से नवगठित हटा अध्यक्ष श्री कंछेदी पटेल एवं उपाध्यक्ष श्री नानू प्रसाद प्यासी को नियुक्त किया गया। जिसमें बैठक में जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी पीडब्लूडी, संतोष खरे वन विभाग, कीरत ठाकुर, कोषाध्यक्ष रानू यादव, मीडिया प्रभारी सुरेश चौबे, भवानी यादव, मनोज रैकवार, सलाहकार प्रमोद रावत, राजा ठाकुर, सुनील रैकवार सभी स्थाई कर्मी उपस्थित रहें। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष बबलू ठाकुर ने उपस्थित सभी सदस्यो का आभार व्यक्त किया।

## दिगम्बर जैन मंदिर ककरन हरदुआ में चोरी, छत्र एवं मूर्तियों सहित नगदी ले गये चोर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी हरदुआ के ककरन मे स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि चोर मंदिर के पीछे से दीवार फांदकर अन्दर घुसे तथा मंदिर की मूर्तियों, छत्र तथा नगदी चुराकर ले गये। सुबह जब जैन समजा के लोग मंदिर दर्शन करने पंहुचे तो मंदिर के अन्दर का ताला टूटा हुआ था एवं मूर्तियों, छत्र एवं दानपेटी से नगदी गायब थी। जिसकी सूचना पुलिस चौकी हरदुआ को दी गई। चौकी प्रभारी द्वारा वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। सूचना मिलने पर एसडीओपी पवई सौरभ रत्नाकर, क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी घटना स्थल पहुंचे तथा जैन समाज के लोगो से मुलाकात की एवं तत्काल चोरो को गिरफ्तार करने की बात कही। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## पासिंग द पार्सल प्रतियोगिता से महाराजा अग्रसेन जयंती के आगाज

दमोह देशबन्धु। अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इसी क्रम में अग्रवाल महिला मिलन समिति द्वारा सर्वप्रथम 15 वर्ष से ऊपर लड़कियों व महिलाओं के लिए पासिंग द पार्सल प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत में महिला मिलन समिति की पूर्व अध्यक्ष कुसुम व अध्यक्ष संगीता अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी को माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष अंजली, कोषाध्यक्ष कंचन,सचिव सपना, सहसचिव रेणुका व वीणा, मीडिया प्रभारी आभा,सांस्कृतिक सचिव रश्मि भी उपस्थित रही। इस प्रतियोगिता में राखी, शुभा, सोनिका, मंजुला, सरोज, सुमन, बबिता,कुसुम, श्रुति, सुलेखा, मंजू, ज्योति, गरिमा, अविधा, शोभा, भूमि, अंकिता, अभिलाषा ने भाग लिया।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन

दमोह/पथरिया देशबन्धु। नगर के वार्ड नं 13 में शाहगढ़ की मंडली द्वारा रामचरितमानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन शनिवार को सुबह से जगदीश शाला के महंत गोपाल दुबे के निवास स्थान पर आयोजित किया। कार्यक्रम में मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया है। महंत गोपाल दुबे ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं सुंदरकांड बजरंग बली की आराधना व पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। विश्व के कल्याण की भावना से शाहगढ़ की मंडली के सदस्य इस कार्यक्रम का साप्ताहिक आयोजन करते हैं। इस अवसर पर नरेंद्र दूबे,अभिषेक दुबे,आशीष शुक्ला निखिल खटीक, गोविंद दुबे, रानू खटीक समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पदाधिकारीयो को वितरण किये गए ,नियुक्ति प्रमाण पत्र

दमोह/हटा देशबन्धु। समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले युवा कल्याण संगठन का वार्षिक विस्तार किया गया है । जिसमें तहसील अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा की उपस्थिति में दमोह से पधारे विशिष्ट अतिथि बाबूलाल विश्वकर्मा द्वारा सभी युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। जिसमें रामप्रसाद विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, अनिल विश्वकर्मा महामंत्री, भरत विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष , भानू विश्वकर्मा को महासचिव, शिवांश विश्वकर्मा को सोसल मीडिया प्रभारी खिलान विश्वकर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रमोद विश्वकर्मा , विनोद विश्वकर्मा, आनन्द, विनय सहित एक दर्जन से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। सभी ने नवनियुक्त को शुभकामनाएं दी। रामप्रसाद विश्वकर्मा ने सभी का आभार जताया।

## 30 वर्ष से पन्ना में जमे दुबे को सौंपा निर्वाचन पर्यवेक्षक का दायित्व



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने तत्काल प्रभाव से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुमोदन के परिपालन में स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के सहायक अधीक्षक उमाशंकर दुबे को जिला निर्वाचन कार्यालय सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन पर्यवेक्षक का दायित्व सौंपा। श्री दुबे पूर्व में सौंपे गए कार्यों का संपादन भी पूर्ववत करेंगे। गौरतलब है कि उमाशंकर दुबे लगभग 30 वर्ष से पन्ना कलेक्टर कार्यालय में जमे हुए है तथा निर्वाचन सहित अन्य शाखाओ में व्यापक स्तर पर इनके द्वारा भ्रष्टाचार किया जाता है, उसके बावजूद किसी भी राजनैतिक जन प्रतिनिधि तथा अधिकारी में हिम्मत नही है कि उन्हे कलेक्टर कार्यालय से हटा दिया जाये। राहत कार्य एवं अन्य योजनाओं मे इनके द्वारा भारी फर्जीवाडा कराया गया था, पूर्व में निर्वाचन के समय भी कर्मचारियो की ड्यूटी लगाने में पांच-पांच हजार का नजराना लिया था। जिसकी शिकायत भी अनेक कर्मचारियो द्वारा की गई थी। उसके बावजूद उन्हे पुनः निर्वाचन परिवेक्षक का कार्य सौंप दिया गया है। जिससे उनकी बल्ले बल्ले हो गई है।

# भागवत कथा का एक श्लोक भी कानों में पड़े तो मनुष्य का कल्याण निश्चित: किशोरी

**दमोह देशबन्धु।** मुकेश कालोनी पाठक स्कूल सिविल वार्ड नं 6 में चल रही श्रीमद् भगवत कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि पितृ पक्ष जिसे श्राद्ध भी कहा जाता है, श्राद्ध पूर्णिमा के साथ शुरू होकर सोलह दिनों के बाद सर्व पितृ अमावस्या के दिन समाप्त होता है। हिंदू अपने पूर्वजों (अर्थात पितरों) ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध के समय, पूर्वजों को अपने रिश्तेदारों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। श्राद्ध कर्म की व्यख्या रामायण और महाभारत दोनों ही महाकाव्य में मिलती है। पितृ पक्ष का महाभारत से एक प्रसंग श्राद्ध का एक प्रसंग महाभारत महाकाव्य से इस प्रकार है, कौरव-पांडवों के बीच युद्ध समाप्ति के बाद, जब सब कुछ समाप्त हो गया, दानवीर कर्ण मृत्यु के बाद स्वर्ग पहुंचे। उन्हें खाने मे सोना, चांदी और गहने भोजन के जगह परोसे गये। इस पर, उन्होंने स्वर्ग के स्वामी इंद्र से इसका कारण पूछा। इस पर, इंद्र ने कर्ण को बताया कि पूरे जीवन में उन्होंने सोने, चांदी और हीरों का ही दान किया, परंतु कभी भी अपने पूर्वजों के नाम पर कोई भोजन नहीं दान किया। कर्ण ने इसके उत्तर में कहा कि, उन्हें अपने पूर्वजों के बारे मैं कोई ज्ञान नही था, अतः वह ऐसा करने में असमर्थ रहे। तब, इंद्र ने कर्ण को पृथ्वी पर वापस जाने के सलाह दी, जहां उन्होंने इन्हीं सोलह दिनों के दौरान भोजन दान किया तथा अपने पूर्वजों का तर्पण किया और इस प्रकार दानवीर कर्ण पित्र ऋण से मुक्त हुए।



पितृ दोष तो घर में कलह, अशांति, धन की कमी और रोग ,मान-सम्मान की हानि, पिता से विवाद, बहुत मेहनत के बाद भी सफलता न मिलना या फिर बने बनाए काम का बिगड़ जाना। किशोरी वैष्णवी गर्ग ने बताया पितृ दोष निवारण के सरल उपाय प्रत्येक अमावस्या को ब्राह्मणों को भोजन कराएं। अर्ध-कुंभ-स्नान के दिन भोजन, वस्त्र, कंबल का दान करें। वट वृक्ष पर नियमित रूप से जल चढ़ाएं। गाय, गली के कुत्तों और जानवरों को भोजन और दूध दें। आप पर ठाकुर जी की असीम कृपा है. जिसकी वजह से आप आज पितृ पक्ष में कथा का आनंद ले रहे है. नारद जी के पूर्व जन्म की कथा वा व्यास जी द्वारा भागवत बनाना अमरकथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। मुख्य यजमान सुशीला गर्ग पुत्र बहु अंशू राकेश ,मिंटू गर्ग ने सभी धर्म प्रेमी जन से कथा श्रवण की अपील की है।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराएं : आर्य



सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। दीपक आर्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से मिलने वाले हर एक नियम व निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ लें। हर चुनाव एक नया चुनाव होता है। नियम बदलते रहते हैं। सेक्टर अधिकारियों के साथ ही तहसीलदार स्वयं जाएं और मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। मतदान केंद्रों पर रैंप, पानी, बिजली व बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिन मतदाताओं का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है, उनका बीएलओ घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करें। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इसके लिए किसी भी बीएलओ की मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि व मृत मतदाताओं के नाम कतई नहीं होने चाहिए। सभी बीएलओ मतदाता सूची को अच्छी तरह से जांच लें और मतदाताओं की पुष्टि कर लें।

### समय सीमा में करें संपत्ति विरूपण की कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही किसी भी शासकीय संपत्ति पर दीवार लेखन, होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पेंटिंग आदि हटाने की कार्रवाई 24 घंटे के भीतर, सार्वजनिक स्थलों पर उपरोक्त प्रकार की कार्रवाई 48 घंटे के भीतर और संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत किसी भी निजी संपत्ति पर ऐसी ही कार्रवाई 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से कर ली जाए।

### नामांकन की आखिरी तारीख के 10 दिन पहले तक फॉर्म 6 के ले सकेंगे आवेदन

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन होने के बाद भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

### सी.विजिल एप से मिलने वाली शिकायतों का 100 मिनट में किया जाएगा निराकरण

दीपक आर्य ने बताया कि मप्र विधानसभा निर्वाचन में निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी.विजिल मोबाइल एप तैयार कराया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी घटना का फोटो वीडियो तैयार कर अपनी शिकायत भेज सकता है। प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचरण संहिता के लागू होते ही यह ऐप सक्रिय हो जाएगा। शिकायत मिलते ही 100 मिनट के अंदर उस शिकायत का निराकरण किया जाएगा।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सागर, देशबन्धु। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र द्वारा संचलित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रति वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसकी थीम है मानसिक स्वस्थ एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है। मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा से आरंभ किया जाएगा। अक्टूबर माह में अलग-अलग दिनांक पर सभी स्वास्थ्य केंद्रो पर शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। अंत में जिला अस्पताल सागर में शिविर का आयोजन 1 नवंबर को किया जायेगा। शिविरों में जिला अस्पताल के मानसिक रोग विभाग द्वारा मरीजो की स्क्रीनिंग, उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया जायेगा। डॉ. आदित्य दुबे मानसिक रोग विशेषज्ञ दवारा शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

## निधि जैन का वल्लभनगर नगर वार्ड में वाल्मीकि समाज की महिलाओं ने किया स्वागत



सागर, देशबन्धु। कांग्रेस से नगरीय निकाय में महापौर प्रत्याशी निधि सुनील जैन नगर के वल्लभनगर वार्ड में वाल्मीकि समाज की महिलाओं के बीच पहुंची, जहां वाल्मीकि समाज की महिलाओं ने उनका पुष्पमाला से स्वागत किया और वार्ड की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, स्थानीय महिलाओं ने श्रीमति जैन को नगर निगम सफाई कर्मियों की समस्याओं से और उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से और शाम होते ही वार्ड में असामाजिक तत्वों के जमावड़े की समस्या, वार्ड में अवैध शराब की बिक्री से अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री चंदेलिया और आभार वल्लभनगर वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रही साधना करोसिया ने माना। श्रीमति जैन के साथ पूर्व विधायक सुनील जैन, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, वंदना वाल्मीकि, रेखा महावत, कविता करोसिया, कविता महावत, रागिनी महावत, रितु महावत आदि उपस्थित रहे।

## क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश हेतु ज्ञापन सौंपा



सागर, देशबन्धु। मप्र शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा हाल ही में शासन द्वारा जारी किए गए क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान की आदेशों की परिप्रेक्ष्य में पृष्ठांकित आदेश जिला कार्यालय एवं संभागीय कार्यालय से जारी किए जाने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि गत दिवस मप्र शासन एवं वित्त विभाग द्वारा अध्यापक संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान/समयमान वेतनमान के आदेश विधिवत जारी किए गए हैं। उक्त आदेशों के क्रियान्वयन के लिए संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पृष्ठांकित आदेश जारी किया जाना आवश्यक है ताकि आचार संहिता लगने से पूर्व हमारे कर्मचारी साथियों को इसका लाभ मिल सके। इसी संदर्भ में संगठन द्वारा रविवार को संयुक्त संचालक मनीष वर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय सौजन्य वार्ता में उक्त अधिकारी द्वय ने तत्काल आदेश जारी करने के लिए निर्देश जारी किए। प्राप्त सूचना के अनुसार तत्काल आदेश जारी कर दिए गए हैं। उक्त सूचना से अध्यापक संवर्ग के सभी साथियों ने शासकीय शिक्षक संगठन का आभार व्यक्त किया है। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष राममिलन मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष बलवंत यादव, संदीप शुक्ला, जिला सचिव राघवेंद्र सिंह ठाकुर एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### स्त्रियों के आशीर्वाद से ही प्राप्त होती है शक्ति: अतुल प्रेमजी



सागर, देशबन्धु। भागवत भजन करने से ही व्यक्ति का भजन अर्थात मान सम्मान सभी में वृद्धि होती है और स्त्रियों के आशीर्वाद से ही पुरुषों को शक्ति की प्राप्ति होती है। यह उदगार कृष्णगंज वार्ड में दिलीप यादव की स्मृति में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बोलते हुए पं. अतुल प्रेमजी ने व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने हिंदू धर्म तीर्थ के महत्व को बताते हुए पंडित जी को धर्म की प्रवाहना करने वाला व्यक्तित्व बताया।

### बैर की गांठे खुलने से, क्षमा आत्मा में प्रकट होकर दिव्य स्वरूप का दर्शन करा देती है: मुनिश्री



मकरोनिया, देशबन्धु। क और श दो अक्षरों को मिलाकर क्ष बना है। यह क शब्द कहता है कषायों को और श शब्द कहता है शमन करोगे तभी क्षमा धर्म प्रकट होगा। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने बहेरिया फोरलेन स्थित श्री तपोवन तीर्थ पर क्षमा वाणी कार्यक्रम के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा करोड़ पूजा के समान एक स्रोत का फल है, करोड़ स्रोत के समान एक जप का फल है, करोड़ जप के समान एक निश्चल भक्ति का फल है, करोड़ भक्ति के समान एक क्षमा का फल है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा क्ष शब्द में भी दो गांठे हैं, एक ऊपर, एक नीचे जब दोनों तरफ से बैर की गांठे खुल जाती हैं तब क्षमा आत्मा में प्रकट होकर आत्मा के दिव्य स्वरूप का दर्शन करा देती है। प्रात: काल से ही श्री तपोवन तीर्थ में श्रद्धालु उमडने लगे और अभिषेक, शांति धारा, भक्तामर विधान में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधायक शैलेंद्र जैन को समाज शिरोमणि की उपाधि से नवाजा गया। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष पवन सिंघई, अशोक जैन, शरद सिंघई, मनोज जैन लालो, अशोक जैन पटवारी, संतोष स्टील आदि ने विधायक का सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकेश जैन ढाना, अनिल नैनधरा, इंजी. भीष्म जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

### तीन डेयरी की 30 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया



सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 30 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। रविशंकर वार्ड स्थित राजकुमार घोषी की 7 भैंसें एवं प्रवीण घोषी की 15 भैंसे विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट की। तिलकगंज वार्ड से अन्नू मेहरा की 8 भैंसों को सेमरा शिफ्ट किया गया। नगर निगम के वाहन द्वारा कुल 30 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया।

## कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को ताइवान सरकार के शिक्षा मंत्रालय का आमंत्रण

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को ताइवान सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने आमंत्रित किया है। यह आमंत्रण भारत-ताइवान के बीच शैक्षणिक समझौते की संभावनाओं के अध्ययन हेतु है जिसमें भारत के सात सदस्य आमंत्रित किये गये हैं। 8 से 14 अक्टूबर तक दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच संयुक्त बैठक और विमर्श किये जाएंगे जिसमें दोनों देशों के विभिन्न शैक्षणिक एजेंसी, विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों के बीच अकादमिक साझेदारी की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इसके साथ ही भारतीय प्रतिनिधि मंडल ताईवान के विभिन्न विश्वविद्यालयों से अकादमिक समझौतों की संभावनाओं का भी अध्ययन करेगा। वही डॉ. हरीसिंह गौर विवि के पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। अकादमिक साझेदारी से अन्य देशों के छात्र विवि में अध्ययन कर सकेंगे और हमारे विद्यार्थी एवं शिक्षकों को विदेशों में जाकर अध्ययन करने का मौका मिलेगा।

## छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी: अर्पित पाण्डेय



सागर, देशबन्धु। हिन्दवी स्वराज की स्थापना के 350 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हिन्दवी स्वराज स्थापना आयोजन समिति द्वारा वात्सल्य स्कूल में चित्रकला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमे जिले एवं आस पास से आये 30 कलाकारों ने शिवाजी महाराज का जीवन चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अर्पित पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिवाजी महाराज के जीवन से आज की युवा पीढ़ी को यह सीखना चाहिए कि कैसे विषम परिस्थिति होने के बाद भी शिवाजी महाराज ने अनेको युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उनसे सभी को आत्मविस्वाश, अनुशासन, योजना, सेवा, स्वराज, गुरु एवं माता पिता का सम्मान एवं अपने लक्ष्य एवं धर्म के प्रति अडिगता के भावो से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे उन्हें अपने जीवन में सफल होने में सहायता मिले, मुख्य अतिथि श्वेता नेमा ने कहा कि आज की पीढ़ी जहां मोबाईल में अपना कीमती समय खराब कर रही हैं वही शिवाजी महाराज अल्प आयु में ही युद्ध कौशल में निपुण होकर अत्यंत कम संसाधनों में भी अपनी अचूक योजना से सदैव सफल हुए वही आज की पीढ़ी थोड़ी सी असफलता में ही हार मान जाते हैं और डिप्रेशन में चले जाते हैं उनके लिए शिवाजी महाराज का जीवन प्रेरणा हैं, तदुपरान्त समिति द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं शिवाजी जीवनी पुस्तिका वितरित किये गये। कार्यक्रम का आभार विभाग के संयोजक राजकुमार सुमरेडी ने माना।

## निर्वाचन दिवस में माइक्रो-ऑब्जर्वर का महत्वपूर्ण योगदान: कलेक्टर



सागर, देशबन्धु। माइक्रो-ऑब्जर्वर वे प्रेक्षक होते हैं जिन्हें मतदान के दिवस, मतदान केंद्र में उपस्थित होकर, मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करना होता। माइक्रो-ऑब्जर्वर मतदान दल का हिस्सा होंगे और मतदान केन्द्र में ही उपस्थित रहेंगें। सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण और पर्यवेक्षण में कार्य करेंगें। माइक्रो-ऑबजर्वर को आवंटित मतदान केंद्रों में संचालित समग्र निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन करना होगा। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने माइक्रो-ऑब्जर्वर के लिए आयोजित प्रशिक्षण में कही। उन्होंने कहा कि उनके मुख्य दायित्व मतदान केंद्र पर तैयारियों का जायजा लेना व मतदान केंद्र पर आवश्यक मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं की उपलब्धता की जांच करना भी है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. रमाकांत मिश्रा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करेगें। मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगें। विभिन्न अधिकारियों और मतदान दल के सदस्यों की उपस्थिति का निरीक्षण करेंगें कि निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन हो रहा है या नही। मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकर्ताओं और राजनीतिक दलों की उपस्थिति पर नजर रखेगें। पीठासीन अधिकारी की निर्वाचन दिवस की रिपोर्ट के भाग.1 मॉक पोल सर्टिफिकेट पर माईक्रो ऑब्जर्वर हस्ताक्षर करेंगें। प्रशिक्षण में करीब 400 माइक्रो-ऑब्जर्वर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में संभाग स्तरीय कला उत्सव का आयोजन हुआ

सागर, देशबन्धु। उत्कृष्ट विद्यालय में संभाग स्तरीय कला उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इसमें 10 विधाओं में से प्रत्येक विधा में एक बालक और एक बालिका का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाता है। प्रतिभागियों ने अपने कौशल से दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ. मनीष वर्मा के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने सागर संभाग की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में स्कूलों की भूमिका और इन कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, साथ ही पिछले वर्षों की उपलब्धियां का भी उल्लेख किया तब सागर संभाग ने विभिन्न पायदानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सहायक संचालक लोक शिक्षण एम कुमार ने कलाओं के रूपों और विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकताओं के बारे में बताते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि बच्चे कला के क्षेत्र में इतने आगे बढ़ रहे हैं, स्वागत भाषण देते हुए स्कूल के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी सुधीर तिवारी ने कला उत्सव की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए इन विधाओं के संबंध में उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग चतुर्वेदी और विनीता नेमा ने किया। कार्यक्रम के समापन में परिणाम घोषित करते हुए सहायक संचालक डॉ. आशुतोष गोस्वामी ने चयनित बच्चों को राज्य स्तर पर शामिल होने संबंधी निर्देश दिए एवं वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर जाने हेतु शुभकामनाएं देते हुए तकनीकी पक्षों पर भी प्रकाश डाला।

## विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित हूं: लारिया



सागर, देशबन्धु। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। हमारा संकल्प विधानसभा क्षेत्र को सबसे अग्रणी विधानसभा बनाने का है। इसमें आप लोगों का आर्शीवाद जरूरी है। मप्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है और इसमें नरयावली विधानसभा भी पीछे नहीं है। यह विचार विधायक प्रदीप लारिया ने ग्राम सांईखेड़ा में 4 करोड़ 73 लाख की लागत से प्रदेश की पहली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के भूमिपूजन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि यह सड़क जर-जर हो चुकी थी। ग्रामवासियों की मांग पर इसका चौड़ीकरण कराकर 7 मीटर चौड़ी, 3 किलोमीटर लम्बी यह सड़क यहां से गुजरने वाले हेवी ट्राफिक के लिए सुविधाजनक होगी। लारिया ने क्षेत्र के ग्राम भोजपुरा में 29 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन किए। वहीं ग्राम पंचायत पामखेड़ी रामघाट पर लगाये जाने वाले टीनशेड का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष, स्थानीय सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सागर, देशबन्धु। एकनाथ स्मृति सेवा न्यास द्वारा निरंतर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को पठा चंद्रशेखर वार्ड में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला चिकित्सालय एवं निजी सेवा देने वाले अनुभवी डॉक्टरों ने 548 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की। रक्त परीक्षण भी किया गया। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आठ चिकित्सकों ने प्रात: 11 से 2 तक अपनी सेवाएं दी एवं न्यास के 15 स्वयंसेवकों ने आयोजित शिविर में व्यवस्था बनाने में सेवाएं दी। स्थानीय नागरिकों ने भी शिविर संचालित करने में सहयोग किया।

## पत्रकार को मातृत्व शोक



शाहगढ़, देशबन्धु। पं. नेहरू वार्ड निवासी पत्रकार कमलेश सेठ की मां चंदाबाई का रविवार की सुबह निधन हो गया। शाम 4 बजे उनकी अंतिम यात्रा विभिन्न मार्गो से निकाली गई। सागर कानपुर हाईवे स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र कमलेश संजय द्वारा दी गई। विभिन्न सामाजिक, जन समुदाय ने अंतिम यात्रा में शामिल हुए और मुक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

### राजघाट के पास 45 लाख की राशि से पौधारोपण कार्य आरंभ

## पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी भी हम सब की है: हीरा सिंह



सागर, देशबन्धु। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में जहां स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, शापिंग कॉम्लेक्स, सड़क निर्माण जैसे विकास कार्यों की गंगा बह रही है। वहीं पर्यावरण को सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में भाजपा व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पूरी संवेनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री राजपूत ने राजघाट बांध स्थित शारदा माई मंदिर के समीप 45 लाख रूपए की लागत से वृक्षारोपण कराने की स्वीकृति दिलाई है। ज्ञातव्य हो की इसी स्थान पर करीब 6 माह पूर्व अयोध्या से पधारे संत आत्मानंद दास नेपाली बाबा के सानिध्य में श्री सीताराम जप महायज्ञ का आयोजन हुआ था। तब मंत्री राजपूत ने इसी स्थान पर 25 एकड़ भूमि पर फलदार वृक्षरोपण की बात कही थी। इसी तारतम्य में रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सैकड़ों ग्राम वासियों की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने भी पौधे रोपकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजपूत ने कहा कि देश में जिस तरह से पेड़ों की कटाई हो रही है उससे पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। जंगल साफ होने से मौसम का चक्र प्रभावित हो रहा है। समय पर बारिश नहीं हो रही, कही कम हो रही है तो कहीं ज्यादा हो रही है। तेज गर्मी से नदी तालाब सूख रहे हैं। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पौधे लगाऐ और उनकी देखभाल भी करें ताकि वे बड़े होकर हमे फल और छाव के साथ ही आक्सीजन प्रदान करें। हीरा सिंह ने कहा कि इस पौधरोपण से राजघाट बांध सहित आसपास के छोटे बड़े नदी नलों को फायदा होगा। कार्यक्रम में ग्रामवासी, पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



खुरई, देशबन्धु। सिगिंग प्रतियोगिता खुरई में आकाश राजवंशी ने प्रथम पुरस्कार 51000 की राशि जीती।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली*
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।